Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ಕರ್ನಾಟಕ ಸರಕಾರ

ಸಮಾಜ ವಿಜ್ಞಾನ

ಹಿಂದಿ ಮಾಧ್ಯಮ

SOCIAL SCIENCE
Hindi Medium

(परिष्कृत)



छटी कक्षा

भाग - II

कर्नाटक पाठ्यपुस्तक संघ (रजि.)
100 फूट रिंग रोड, बनशंकरी 3 रा टप्पा
बेंगलूरु - 560 085.

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अनुक्रमणिका

पाठ संख्या.	इतिहास	पृष्ठ संख्या
01	हमारा कर्नाटक (आगे का भाग)	1
02	दक्षिण भारत के प्रमुख राजवंश	37
03	कोडगु, कित्तूरू, तुलुनाडु तथा हैदराबाद-कर्नाटक	71
04	धार्मिक-सामाजिक सुधार आंदोलन	88
05	भारत के इतिहास में रजपूत	94
	नागरिकशास्त्र	
06	प्रभुत्व	101
07	केंद्र सरकार, राज्य सरकार, न्यायांग	108
08	मानावाधिकार	121
	भूगोल विज्ञान	
09	यूरोप - एशिया का पर्याय द्वीप	125
10	अफ्रिका - केंद्रिय भूखंड	143

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ 1	हमारा कर्नाटक (आगे का भाग)

कलबुरगी विभाग (कलबुर्गी)

कलबुरगी विभाग में छः जिले हैं। ये हैं - कलबुरगी, बीदर, बल्लारी, रायचूरु, कोप्पल तथा यादगिरि। हमारे राज्य के कलबुरगी विभाग में साक्षरता की मात्रा, प्रति आय, खेती-बाडी, जीवन आयु आदि अत्यंत निम्न स्तर पर है। कर्नाटक सरकार ने सन् 2000 में राज्य के पिछडेपन का पता लगाने के लिए डॉ.डी.एम. नंजुडप्पा की अध्यक्षता में प्रादेशिक असमानता अध्ययन उन्नताधिकार समिति का गठन किया। इसके अनुसार राज्य में अत्यंत पिछडा विभाग कलबुरगी विभाग है। इस विभाग के जिलों को विशेष सहायता देने के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 371 (जे) के अंतर्गत विशेष स्थान दिया है।



कलबुरगी विभाग

कलबुरगी विभाग के जिले

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

इस विभाग के जिलों का अत्यंत समृद्ध प्राचीन इतिहास है। इतिहास पूर्व

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

जीवाश्म यहाँ देखे जा सकते हैं। इतिहास के आरंभ में ये प्रदेश मौर्यों के शासन से जुडा था। तत्पश्चात यह शातवाहनों के शासन में आया। अशोक के अनेक शिलालेख यहाँ प्राप्त होते हैं। यहाँ सामान्य शक् 8 वी शताब्दी में राष्ट्रकूट साम्राज्य था। इनकी राजधानी मान्यखेट (मलखेड) कलबुरगी जिले में है। कत्याण चालुक्य बाद में शासनरत रहे। बसवकल्याण इनकी राजधानी थी। बल्लारी जिले का हंपी विजयनगर राजाओं की राजधानी थी। प्रसिद्ध वचनकार बसवण्ण के नेतृत्व में हुए वचन आन्दोलन का केंद्र कल्याण कलबुरगी विभाग से जुडा है। आगे मध्ययुग में यह बहमनी राजाओं के अधिकार में आ गया। उनकी राजधानी कलबुरगी थी। बहमनी और विजयनगर साम्राज्य के पतन के बाद कलबुरगी प्रदेश हैदराबाद निजाम के शासन में था। आगे सन् 1948 में निजाम के शासन में था। आगे सन् 1948 में निजाम संस्थान भारत गणराज्य में विलीन हो गया। राज्य की पुनर्विभाजन योजना के अनुसार सन् 1956 में निजाम संस्थान के कब्जे में स्थित बीदर, कलबुरगी तथा रायचूर जिले कर्नाटक में विलीन हो गए। कलबुरगी विभागीय केंद्र हैं । मद्रास प्रांत का बल्लारी जिला कर्नाटक में विलीन हो गया।



शिलालेख

बहमनी और विजयनगर शासन के बाद अनेक सेनापति इस प्रदेश में स्वतंत्र हो गए। उनमें हरपनहल्लि, जरिमले, संडूरु, तथा सुरपुर सेनापति प्रख्यात हैं। सुरपुर नायक कृष्णप्पा नायक की मृत्यु के बाद उनके पुत्र वेंकटप्पानायक ने अधिकार ग्रहण किया। प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बारे में जानकारी रखने वाले वेंकटप्पा नायक ने अंग्रेजों के विरुद्ध लडाई लडी। किंतु अंग्रेजों ने इन्हें बंदी बनाकर कारागृह में डाल दिया। अंग्रेजों ने हैदराबाद निजाम को भेंट स्वरुप सुरपुर प्रदान किया। इसी प्रकार बीदर, कलबुरगी तथा रायचूरु जिले निजाम संस्थान के हिस्से बने। यह जिला सन् 1956 में कर्नाटक में एकीकृत हो गया।

हैदराबाद-कर्नाटक प्रदेश विमोचना संघर्ष

भारत को स्वतंत्रता प्राप्त होने के बाद निजाम भारत गणराज्य में अपने संस्थान को एकीकृत करने को तैयार न थे। इससे क्रोधित लोगों ने निजामशाही के विरुद्ध संघर्ष प्रारंभ

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

किया। इस भाग के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व स्वामी रमानंदतीर्थ ने किया। निजाम के वश में स्थित हैदराबाद को कर्नाटक में एकीकृत करने में सबसे आगे नेतृत्व करने वालों में सरदार शरणगौडा इनामदार, शिवमूर्ति अलवंडी, शिरुरु वीरभद्रप्पा, प्रभुराज पाटील संगनाल, पुंडलीकप्पा आदि प्रमुख थे। इन्होंने निजाम शाही के विरुद्ध सत्याग्रह का संघटन किया। निजाम सरकार लोगों को हिंसा पहुँचाने लगी। रजाकार नामक निजाम की निजी सेना के विरुद्ध लोगों ने तीव्र आक्रोश प्रदर्शित किया। केंद्र सरकार ने सीधी प्रतिक्रिया द्वारा निजाम संस्थान को भारत गणराज्य में सन् 1948, 17 सितंबर को एकीकृत कर लिया। तब सरदार वल्लभ भाई पटेल गृह सचिव थे, और प्रधान मंत्री जवाहरलाल नेहरु थे।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. संविधान के किस अनुच्छेद में कलबुरगी विभाग के जिलों को विशेष स्थान दिया गया है?
2. निजाम संस्थान किस वर्ष भारत गणराज्य में एकीकृत हुआ?
3. बल्लारी जिले का हम्पी किस साम्राज्य की राजधानी थी?
4. विजयनगर तथा बहमनी राजवंश के पतन के बाद के शासकों के दो सेनापतियों (सामंतों) का नाम लिखिए।

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए

1. बल्लारी जिले का ..... नामक स्थान विजयनगर साम्राज्य की राजधानी थी।
2. कलबुरगी विभाग के जिलों को ..... वर्ष स्वतंत्रता मिली।

प्राकृतिक संसाधन

इस विभाग की प्रमुख नदियों में भीमा, तुंगभद्रा, कृष्णा, मुल्लामारी, बेण्णेतोर आती हैं। कारंजा बाँध बीदर जिले के लिए वरदान है। लाल, काली और बकुई मिट्टी इस विभाग में है। कोप्पल और रायचूरु जिलों में धान प्रमुख उपज है। गन्ना यहाँ का मुख्य वाणिज्यिक फसल है। कपास, कदन्न (नवणे), कंहीला तैलीय बीज(कुसुंभा), ज्वार, कुल्थी, अरहर आदि इस विभाग का प्रमुख फसल हैं। इस विभाग के जिलों में वन प्रदेश काफी हैं।



तुंगभद्रा बाँध

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

बल्लारी जिले का संडूरु तालुक घने जंगल का प्रदेश है। बीदर जिले में खुले जंगल हैं। कोप्पल जिले में जंगली प्रदेश का विस्तार कम है।

इस विभाग के जिलों में प्राप्त प्रमुख खनिज चाँदी, सिलिका, स्वर्ण (रायचूरु जिला), लोहखनिज, चूनापत्थर, मैंगनीज खनिज (बल्लारी), ग्रेनाइट पत्थर हैं। प्राकृतिक संसाधन की दृष्टि से यह अधिक समृद्ध विभाग नहीं है।



लोहे की खान

तुंगभद्रा बाँध रायचूरु, बल्लारी जिलों के सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराता है। कृष्णा नदी पर निर्मित बसवसागर बाँध रायचूरु तथा कलबुरगी जिलों को कृषि हेतु सिंचाई सुविधा प्रदान करता है। कारंजा योजना बीदर जिले की जल आपूर्ति (सिंचाई) करता है।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. इस विभाग के दो प्रमुख नदियाँ कौन सी हैं?
2. बीदर जिले के एक बाँध का नाम लिखिए।
3. बल्लारी तथा रायचूरु जिलों को सिंचाई सुविधा प्रदान करने वाले बाँधों का नाम लिखिए।

वन एवं वन्य जीवधाम

यह विभाग वन प्रदेश की दृष्टि से कम वनों वाला है। बडे वन्यजीवधाम भी यहाँ नहीं है। लंगूर, हिरन, लोमडी, बंदर, भालू, भेडिये, जंगली कुत्ते आदि वन्यजीव

© Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

यहाँ देखे जा सकते हैं। बल्लारी जिले में दरोजी भालू धाम है। रायचूरु जिले में हिरन देखे जा सकते हैं।



दरोजी भाल् धाम

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. इस विभाग के दो प्रमुख नदियों के नाम लिखिए।
2. इस विभाग में पाए जाने वाले कुछ वन्य जीवों के नाम लिखिए।
3. निजाम संस्थान विमोचन में संघर्ष करने वाले दो प्रमुख सेनानियों के नाम बताइए।
4. इस विभाग में उत्पादित फसलों के नाम लिखिए।

कृषि विकास, हमारे उद्योग

इस विभाग के लोगों का प्रमुख व्यवसाय कृषि है । यहाँ वर्षा की मात्रा कम है। यहाँ वर्षा पर निर्भर फसल उगायी जाती है। वर्षा की कमी के कारण जब-तब लोगों को अकाल का सामना करना पड़ता है। इस विभाग के जिलों को अकाल पीडित जिला कहा जाता है। इस विभाग के प्रमुख उद्योग लौह-इस्पात, सीमेण्ट, शक्कर, ऊर्जा उत्पादन केंद्र आदि हैं। ये पुरुष तथा महिलाओं को उद्योग का अवसर प्रदान करते हैं।

बल्लारी और कोप्पल जिले में बृहत लौह इस्पात के कारखाने हैं। यादगिरि और कलबुरगी जिलों में बृहत् सीमेंन्ट के कारखाने हैं। बीदर जिले को बीदरी काटीगरी प्रसिद्ध है। इस विभाग में पर्यटन उद्यम भी पनप रहा है। इसके प्रमुख पर्यटन केंद्र बल्लारी जिले का हम्पी, तुंगभद्रा बाँध, कलबुरगी जिले का सन्नती, ख्वाजा बन्दे

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

नवाज़ दरगाह, बीदर जिले का किला, बसवकल्याण, रायचूरु जिले का हट्टी सोने का खान आदि। सारे भारत में ज्यादा सोना मिलने की खान रयचूरु जिले में है।



हट्टी सोने की खान

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. कलबुरगी विभाग के प्रमुख उद्योगों के नाम लिखिए।
2. इस विभाग के किन जिलों में बृहत् लोहे की खनिज के खानें है?
3. कलबुरगी के दरगाहों का नाम लिखिए ।
4. कलबुरगी जिले का प्रमुख उद्योग क्या है?

रिक्तस्थानों की पूर्ति कीजिए ।

1. इस विभाग के ..... भाग में स्वर्ण का खान है।
2. बल्लारी जिले में ..... वन्यजीव धाम है ।

कला, साहित्य, संगीत, जानपद, नाटक, नृत्य

कलबुरगी विभाग के जिले आर्थिक रुप से भले ही पिछडे हैं किंतु कला, साहित्य, संगीत, जानपद, नृत्य आदि विषयों में यह समृद्ध है। साहित्य के संबंध में

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कलबुरगी विभाग का प्राचीन इतिहास ही है। कन्नड का शास्त्र कृति 'कविराज मार्ग' की रचना राष्ट्रकूट शासन काल में ही हो चुकी थी । हमें यह नहीं भूलना चाहिए। आदि कवि पंप ने राजा अरिकेसरि के राजाश्रय में अपने महत्वपूर्ण काव्य 'विक्रमार्जुन विजय' की रचना की। कन्नड में तीन रत्नत्रयों की पहचान की गई है। ये हैं पंप, पोन्न तथा रन्न। ये तीनों कलबुरगी विभाग से ही हैं। कन्नड भाषा के प्रथम व्याकरण ग्रंथ 'शब्दमाणिदर्पण' के रचनाकार केशिराज कलबुरगी जिले के हैं।

वचन आन्दोलन



बसवण्णा

कर्नाटक में 12 वी शताब्दी में हुए महत्वपूर्ण समाज सुधारक आन्दोलन के रुप में वचन आन्दोलन कलबुरगी विभग के कल्याण नगर में प्रारंभ हुआ। बसवण्णा, अल्लमप्रभु, अक्कमहादेवी, जेडर (बेडर) दासीमय्या, सिद्धराम आदि शिवशरण सिद्धि साधना करने वालों का कार्य क्षेत्र कलबुरगी विभाग ही है। इस आन्दोलन में सभी प्रकार की असमानताओं की अवहेलना की गई है। अस्पृश्यता के विरुद्ध वचन आन्दोलन द्वारा युद्ध ही छिडा । इस आन्दोलन के अंग बनकर में दमनित सामाजिक क्षेत्र के पुरुषों और महिलाओं ने वचन लिखे।

दास साहित्य



पुरंदर दास

कलबुरगी विभाग का रायचूर जिला दास साहित्य का जन्मस्थान कहा जा सकता है। श्री व्यासराय के नेतृत्व में दासकूट की रचना हुयी। छुआ-छूत संबंधी भेद भाव की अवहेलना की। पुरंदरदास, कनकदास, राघवेंद्रतीर्थ आदि ने कीर्तन (प्रशंसात्मकगीत) की रचना की इसमें जाति-भेद की टीका की। धन के गर्व (अहंकार) की दासों ने अपने कीर्तन में निंदा की है।

तत्वपद रचनाकार

वचन आन्दोलन, दास साहित्य, प्राचीन काव्य आदि विचारों से प्रभावित लोगों ने तत्वपदों की रचना की। जनपद कलाकार, साधु-संत, फकीरों द्वारा रचे गए गीतों

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

को तत्वपद कहा गया। 18 वी और 19 वी शताब्दी में अनेक तत्व पद रचना कारो ने लिंग असमानता के विरुद्ध, अस्पृश्यता के विरुद्ध, झूठ बोलने के विरुद्ध, धनार्जन के विरुद्ध अपने तत्वपदों द्वारा व्यंग्य किया गया है।

चेन्नूरु जलाल साहब, हनुमंतव्वा आदि ने तत्व पदों की रचना की। अनेक निरक्षर (आशिक्षित) लोगों ने भी तत्व पद बनाकर गाए।

आधुनिक काल में कलबुरगी विभाग में साहित्य के क्षेत्र को समृद्ध करने वाले लोगों में सिद्धय्य पुराणिक, जायतीर्थ, राजपुरोहित, शांतरस, पंडित तारानाथ, बीचि, मुदेनूरु संगण्ण, सिंपिलिंगण्णा, श्रीमती शैलज चडचण, जयदेवी ताई लिगाडे, चेन्नण्ण वालीकार, जंबण्ण अमरचिंत प्रमुख हैं। संगीत के क्षेत्र में भी कलबुरगी विभाग का काफी योगदान रहा है। सिद्धराम, जंबलदिन्नि, पंडित तारानाथ, गजल गुंडम्मा, सुभद्रम्मा मंसूर आदि ने संगीत के क्षेत्र में काफी योगदान दिया है। चित्रकला में प्रसिद्ध एस.एम. पंडित का नाम अग्रगण्य है। जनपद नाटकों में कलबुरगी विभाग से दोड्डाट' सण्णाट, तोगल् गोंबे का प्रदर्शन प्रचलित है। तोगलु बोंबे आट (कठपुतली खेल) में बेलगल वीरण्णा प्रसिद्ध हैं।

नंदी नाच, अलाविनाच, चौडम्मा का नाच, लंबाणी नाच, कोलाटा (डांडिया), दुरगु-मुरगी आदि जनपद कला के प्रकार हैं। करडी मजलु, मोहर्रम का नाच, विविध मुखौटे लगाकर नाचने वाले आदि जनपद प्रकार हैं। बीदर जिले की बीदरी कलाकारी किन्नाल की कठपुतली (गुडिया) कोप्पल जिले की चीथडों की चादर आदि प्रचलित पारंपरिक कलाएँ हैं।

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. कलबुरगी विभाग के प्राचीन कला की दो काव्य रचना के नाम लिखिए।
2. वचन आन्दोलन के बारे में एक टिप्पणि लिखिए।
3. दास साहित्य के दो श्रेष्ठ दास साहित्यकारों के नाम लिखिए।
4. कलबुरगी विभाग के जनपद नाचों के नाम लिखिए।

शिक्षा और हमारा स्वास्थ्य

हमारे राज्य में शैक्षिक रुप से पिछडा जिला रायचूरु, यादगिरि हैं। शैक्षिक

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

प्रगति के सूचक साक्षरता यहाँ कम है। आजकल साक्षरता का स्तर उत्तम हो रहा है। इस विभाग के कलबुरगी नगर में गुलबर्गा विश्वविद्यालय तथा यहाँ कर्नाटक का केंद्रीय विश्वविद्यालय है। रायचूरु जिले में कृषि विश्वविद्यालय तथा बल्लारी में विजयनगर श्रीकृष्णदेवराय विश्वविद्यालय हैं। तथा इस जिले में हम्पी प्रदेश के कन्नड विश्वविद्यालय है। बीदर में पशुपालन (संरक्षण) तथा मत्स्यपालन विश्वविद्यालय है। कलबुरगी में प्रसिद्ध बुद्ध विहार है।

बल्लारी, कलबुरगी, रायचूरु, बीदर में वैद्यकीय महाविद्यालय हैं। प्रत्येक जिले में जिला अस्पताल हैं। ग्रामीण प्रदेशों में लोगों की स्वास्थ्य रक्षा के लिए स्वास्थ्य उपकेंद्र हैं। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में तेजी से प्रगति हो रही है।



बौद्ध विहार



गुलबर्गा विश्वविद्यालय

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. इस विभाग के रायचूर जिले के विश्वविद्यालय कौन से है?
2. बल्लारी जिले के दो विश्वविद्यालय कौन-कौन से हैं?
3. कन्नड विश्वविद्यालय किस स्थान पर है?

रिक्त स्थानों की पूर्ति किजिए ।

1. कर्नाटक का केंद्रीय विश्वविद्यालय ..... जिले में है।
2. बल्लारी जिले के हम्पी विश्वविद्यालय का नाम ..... है।

सांस्कृतिक सम्पदा

जैसा कहा जा चुका है कि कलबुरगी विभान आर्थिक रुप से निम्न स्तर ही रहा

© KTBS Not to be Republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

है किन्तु सांस्कृतिक सम्पदा काफी समृद्ध है। संगीत, साहित्य, चित्रकला, जानपद, नाटक, नृत्य आदि क्षेत्रों में कलबुरगी विभाग के जिलों की राज्य को बडा योगदान रहा है। कर्नाटक के पाचीन चार राजवंशों को यहाँ आश्रय मिला। ये हैं - राष्ट्रकूट, कल्याण चालुक्य, बहमनी तथा विजयनगर साम्राज्य। इन राजवंशों के शासन काल में साहित्य, कला, संगीत को काफी प्रोत्साहन मिला। रंगमंच कलाकार वृत्ति भी इस विभाग में विख्यात है।

बीदर की बीदरी कलाकारी, किन्नाल के कठपुतली, चीथडों से चादर बनाना आदि गृह उद्योग यहाँ देखे जा सकते हैं। प्राचीन वास्तुशिल्प कला यहाँ काफी प्रख्यात है। बीदर का किला, हंपी के स्मारक, बसव कल्याण का बसव स्मारक, कलबुरगी का ख्वाजा बंदे नवाज़ दरगाह, सन्नती के स्मारक आदि यहाँ के वास्तुशिल्प का अद्भुत उदाहरण है।



किन्नाल की कठपुतालियाँ

स्वतंत्रता सेनानी

कर्नाटक के अन्य भागो में स्वतंत्रता के लिए तथा कर्नाटक के एकीकरण के लिए लोग लडते रहे, इसी प्रकार कलबुरगी विभाग के लोगों को भी स्वतंत्रता संग्राम, निजाम संस्थान के विमोचन के लिए आन्दोलन तथा कर्नाटक के एकीकरण के आन्दोलन में भाग लेना पडा। स्वतंत्रता आन्दोलन से संबंधित कलबुरती विभाग में दो आन्दोलन का उल्लेख आनिवार्य है। प्रथम-लोगों में राष्ट्रीय आन्दोलन के बारे में जागृति पैदा करने के उद्देश्य से प्रारंभ हुआ वाचनालय आन्दोलन तथा दूसरा बच्चों को शिक्षा प्रादान करने और स्वतंत्रता के लिए लडने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए राष्ट्रीय विद्यालयों की

©KSEEB Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

स्थापना की गई। चार राष्ट्रीय विद्यालयों की स्थापना हुयी है ।

1. नूतन विद्यालय, कलबुरगी (1907)
2. उस्मानिया राष्ट्रीय विद्यालय, चिंचोली
3. विद्यानंद गुरुकुल, कुकनूरु (1922)
4. हमदर्द राष्ट्रीय विद्यालय, रायचूरु (1922)

इस विभाग में स्वतंत्रता आंदोलन के लिए आर्य समाज से प्रेरणा मिली और वंदेमातरम् आंदोलन से प्रेरणा मिली। महागाँव का कल्याण शेट्टी स्वतंत्रता संग्राम के लिए युवाओं का संघ बनाया । महागाँव के चंद्रशेखर पाटील. उसके अध्यक्ष बनकर इसे आगे बढाते रहे। श्री रमानंद तीर्थ इस विभाग के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानी थे। इनके अतिरिक्त कई लोगों ने इस आन्दोलन में भाग लिया।



श्री रमानंद तीर्थ

निजामशाहि रद्द करने के आन्दोलन में सरदार शरण गौडा इनामदार की प्रमुख भूमिका रही। निजाम के निजी सेना नायक ने कलबुरगी विभाग में काफी हिंसा मचायी। इनके विरुद्ध लोगों ने तीव्र विरोध प्रकट किया। भारत को सन् 1947, 15 आगस्त को स्वतंत्रता प्राप्त हुयी किंतु कलबुरगी विभाग को निजाम से 1948, 17 सितंबर को स्वतंत्रता मिली और यह भारत गणराज्य में विलीन हो गया।

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

1. कलबुरगी विभाग के स्वतंत्रता सेनानि तथा दो आन्दोलनों के नाम लिखिए।
2. निजाम की निजी सेना का नाम क्या था?
3. कलबुरगी विभाग में स्वतंत्रता आन्दोलन के अंग रुप में 20 वीं शताब्दी के प्रारंभ में शुरु हुए दो राष्ट्रीय विद्यालयों के नाम लिखिए।
4. हैदराबाद के निजाम का संस्थान भारत गणराज्य में किस दिन विलीन (एकीकृत) हुआ ?
5. कलबुरगी विभाग के प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लिखिए।

इस विभाग के जिलों की विशेषताएँ

इस विभाग में छः जिले हैं। आरंभ में केवल चार जिले थे। किन्तु सन् 1997 में रायचूर

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

जिले का विभाजन कर कोप्पल जिला बनाया गया और कलबुरगी जिले को विभाक्त कर यादगिरि जिला 10 अप्रैल सन् 2010 को बनाया गया। बहमनी शासकों के काल में यहाँ अनेक इस्लामी कला का विकास हुआ ।

इस जिले में अनेक प्राचीन स्मारक हैं। इनमें प्रसिद्ध है सन्नति यहाँ अनेक बौद्ध विहारों के स्मारक है। कागिणा नदी के तट पर मान्यखेट स्थित है।.

कलबुरगी जिला

यह सीमान्त जिला है। ऐसा माना जाता है की यह 10-11 वी शताब्दी में आस्तित्व में आया। यह जिला 13 वी. शताब्दी में बहमनी राजाओं की राजधानी थी। इसे विभक्त कर 10 अप्रैल सन् 2010 में यादगिरि जिले की रचना हुयी। इस जिले की मुख्य फसले अरहर, ज्वार, कपास, बागानी फसलें. आदि हैं। ऐसा कहा जाता है कि विश्व की सबसे लम्बी 29 फूट की तोप जो बहमनी काल की है वह यहाँ है। इस नगर का शरण बसवेश्वर मंदिर का मेला हजारों भक्तों को आकर्षित करता है। इसी प्रकार ख्वाजा बंदे नवाज दरगाह से संबंधित उरुसु भी हजारों भक्तों को आकर्षित करता है। इस जिले के गुंबजों में नैसर्गिक रंगों से चित्रित वर्णचित्र अद्भुत हैं। बहमनी सुल्तानों का सन् 1347 में निर्मित किला आकर्षणीय है। हाल ही में कलबुरगी नगर में सिद्धार्थ बुद्ध विहार को निर्मित किया गया है। इस बौद्ध विहार को तिब्बती गुरु दलाई लामा ने उद्घाटित किया था। इस जिले के भीमा नदी के तट पर दत्तात्रेय का पीठ गाणगापुर है। यह एक पवित्र यात्रास्थल है।

इस जिले में दो विश्व विद्यालय हैं। प्रथम गुलबर्गा विश्वविद्यालय तथा दूसरा कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय है।

इस जिले के सेड़म् तालुक में प्रसूता स्तम्भ नामक 52 फूट लम्बा स्तम्भ है। यह जमीन पर नहीं खडा है। इसके आधार से एक पतले कपडे को आरपार किया जा सकता है। इस जिले का एक अन्य ऐतिहासिक स्थल मरतूरु है । यह प्रसिद्ध हिन्दु संहिते रचनाकार विज्ञानेश्वर का जन्म स्थान है। इस जिले में अनेक सीमेण्ट कारखाने हैं।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



ख्वाजा बंदेनवाज दरगाह

यादगिरि जिला

यह तीन तालुक वाला एक छोटा जिला है । यादगिरि, सुरपुर तथा शहपुर ये तीन तालुक हैं। यह 2010 में अस्तित्व में आया। इस प्रदेश पर शातवाहन, चालुक्य, राष्ट्रकूट, आदिलशाह, निजामशाह राजवंशों का शासन रहा। अत्यंत विरला तथा उपयोगी युरेनियम खनिज यहाँ प्राप्त होता है। शुद्ध या परिष्कृत युरेनियम खनिज का उपयोग सुरक्षा के उद्देश्य से तथा विद्युत उत्पादन के लिए होता है। यह अत्यंत उपयोगी संसाधन है। इस जिले का बडा कारखाना 'कोर ग्रीन शुगर तथा फ्यूएल्स प्राइवेट लिमिटेड' (ईंधन के निजी परिमित) संयुक्त उद्योग है। यहाँ चीनी, विद्युत, जैविक उर्वरक खाद तथा व्यवसायिक रसायनों का उत्पादन भी होता है। इस जिले के शहापुर तालुक में पहाडों की पंक्तियाँ लेटे हुए बुद्ध के समान दिखाई देते हैं।

बीदर जिला



बीदरी कला

इस जिले का समृद्ध इतिहास है। मौर्य, शातवाहन,राष्ट्रकूट, चालुक्य, कल्चूरी, काकतीय, खिलजी, बहमनी, बरीदशाही राजवंशों ने यहाँ शासन किया। यह कर्नाटक के उत्तरी छोर पर स्थित है। यह एक सीमान्त प्रदेश है। यहाँ की खेती वर्षा पर निर्भर है।

इस जिले में बहनेवाली प्रमुख नदियाँ मांजरा, कारंजा, मुल्लामरि, चुल्किनाला हैं। सामाजिक पतिवर्तन

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

की आवाज उठाने वाले श्री बसवेश्वर का कार्य क्षेत्र कल्याण इसी जिले में है। बीदर नगर में सिक्खों के गुरु गुरुनानक ने दौरा किया था, ऐसा माना जाता है। यहाँ बृहत गुरुद्वारा है। इसे गुरुनानक जरा कहा जाता है। अत्यंत विशेष नरसिंह जरणी नामक पवित्र स्थान यहाँ है।

इस जिले में 435 वर्ग क्षेत्र कि.मी. में विस्तार वन प्रदेश है। यह वन प्रदेश आरक्षित वन, संरक्षित वन तथा मुक्त वन नामक तीन भागों में बनाया गया है। यहाँ औषधि संबंधी वनस्पति उगाने का वनस्पति उद्यान विकसित किया गया है।



गुरुद्वारा

बीदर नगर के मध्य भाग में विशाल दुर्ग है। दुर्ग के भीतर अनेक अलग अलग कक्ष हैं। इनमें रंगीन महल प्रमुख है। यह सन् 1424 के बाद बहमनी राजाओं की राजधानी थी।

इस दुर्ग का आकर्षणीय स्थान बृहत् मेहराब, मस्जिद तथा फूलों के बाग है। जल परिवहन की व्यवस्था अत्यंत विशिष्ट है।



बीदर का दुर्ग

रायचूरु जिला

यह जिला दोआब प्रदेश कहलाता है। क्यों कि दक्षिण में तुंगभद्रा नदी और उत्तर में कृष्णा नदी के मध्य स्थित प्रदेश है। इसे धान का गोदाम कहा जाता है। इस जिले में कुल सौ से भी अधिक चावल की चक्की (मिल) हैं। खाद्य पदार्थों को यूरोपीय देशों को निर्यात किया जाता है। लगभग 5000 टन क्षमता वाले शीतागार

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

यहाँ स्थापित है। यह एक सीमांत जिला है। मुर्गी पालन के लिए यह प्रख्यात है। इस नगर में स्थित ऊष्मा (उर्जा) विद्युत स्थावर से बडी मात्रा में विद्युत तैयार करते हैं। राज्य में उपयोग किए जा रहे विद्युत का 48 प्रतिशत भाग यहाँ से प्राप्त होता है।



ऊष्मा (ऊर्जा) विद्युत उत्पादन केंद्र



अशोक का शिलालेख

देश के सभी नगरों से सम्पर्क स्थापित करने का रेलमार्ग रायचूरु नगर से होकर गुजरता है। हैदराबाद, मुम्बई, चेन्नै, बेंगलूरु से सम्पर्क का रेल मार्ग यहाँ है। इस नगर के मस्की नामक स्थान से अशोक के दो शिलालेख प्राप्त हुए हैं। अर्थात् सामान्य शक पूर्व में यह प्रदेश आभिवृद्धि कर चुका था, यह स्पष्ट होता है। यह प्रदेश सा.श.पूर्व में मौर्य साम्राज्य का हिस्सा था। इस जिले के लोगों का प्रमुख उद्योग कृषि है। इस जिले का सिंधनूरु तथा रायचूरु विकासित तालुक हैं तो लिंगसगूरु मध्यम स्तर से विकासित होनेवाला तालुक है। देवदुर्गा तथा मानवी अत्यंत पिछडे तालुक हैं।

कोप्पल जिला

यह नगर जैनों की काशी कहा जाता है। यह उनका पवित्र तीर्थ स्थान है। पाल्कीगुंडु तथा गविमठ में अशोक के शिलालेख प्राप्त हुए हैं। भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के रुप में ख्यात सन् 1857 का विद्रोह अंग्रेजों के विरुद्ध था। इसमें

© KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कोप्पल प्रांत के मुंडरगी भीमराव नामक योद्धा ने विद्रोह किया था। इस युद्ध में ये बलि चढ गए । इस जिले में ज्वार, धान, कपास, बाजरा, मक्का, गेहूँ आदि फसलें उगायी जाती हैं। इस जिले की मिट्टी और जलवायु बागानी फसलों के लिए उपयुक्त हैं। आम, सपोटा, अनार, केला, अंगूर आदि काफी मात्रा में उगाए जाते हैं।

इस जिले में वन प्रदेश कम हैं। यहाँ वन्यजीव हैं ही नहीं; ऐसा कहना गलत न होगा।



महादेव देवालय, इटगी

कल्याण चालुक्य राजा द्वारा निर्मित बृहत् महादेव इटगी में है। इसे मंदिरों का चक्रवर्ती कहा जाता है।

रायचूरु नगर से दूर कुछ मिल दूर स्थित किन्नाल राष्ट्रीय प्रसिद्ध लकडी के खिलौने बनाने वाले पारंपरिक कलाकारों का स्थान है। इस कला को बचाकर रखने वाले चित्रकारों का परिवार यहाँ है। इस जिले के मुनिराबाद में तुंगभद्रा नदी पर बृहत बाँध बनाया गया है। विजयनगर राजाओं की आरंभिक राजधानी आनेगुंदी कोप्पल जिले में है। हाल ही में यहाँ अनेक लौह-इस्पात का कारखाना अस्तित्व में आया है। कोप्पल प्रदेश को तिरूल् कन्नड प्रदेश कहा जाता है।


© KSEEB Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

बल्लारी जिला

विजयनगर साम्राज्य की राजधानी के रुप में स्थापित हंपी बल्लारी जिले में है। यह साम्राज्य सन् 1336 से 1565 तक उन्नति पर रहा। रामायण और महाभारत जैसे पुराणों के साथ जुडे अनेक स्थल इस जिले में है। कनकगिरि में कनकाचल मंदिर प्रसिद्ध है। इस नगर के दुर्गम्मा मंदिर के देवता को बलरी नाम से पुकारा जाता था। इससे जिले का नाम बल्लारी पडा।



हम्पी



तोरणगल्लु का कारखाना

अंग्रेजों के शासन काल में यह मद्रास संस्थान का हिस्सा था। स्वतंत्रता के पश्चात् सन् 1953 में इसे मैसूरु संस्थान में मिला लिया गया। आगे सन् 1956 में यह कलबुरगी विभाग में जोडा गया।

हंपी में अनेक बृहत् स्मारक हैं। यहाँ का उग्रनरासिंह, हजारराम मंदिर, कमलमहल, विरुपाक्ष मंदिर आदि काफी पर्यटकों को आकार्षित करते हैं। इसके अतिरिक्त संडूरु का कुमारस्वामी मंदिर, कुरुवत्ती का मल्लिकार्जुन मंदिर बागली का कल्लेश्वर मंदिर प्रसिद्ध हैं। बल्लारी नगर के निकट ऊष्मा उत्पन्न करने वाले विद्युत स्थावर की स्थापना की गई है । इस जिले का तोरणगल्लु बृहत् उद्योग धधों के केंद्र के रुप में विकासित हो रहा है। दोणिमले में स्थित बृहत् एन.एम.डी.सी.यू. (नेरानल मिनरल डेवलपमेंट कार्पोरेशन) सार्वजानिक क्षेत्र का प्रसिद्ध लौह खनिज बाहर निकालने का उद्योग यहाँ है।

बल्लारी ऐतिहासिक महत्व वाला जिला है। तुंगभद्रा सिंचाई योजना कृषि के क्षेत्र में क्रांति कर रहा है। तोरणगल्लु लौह-इस्पात कारखाना आधुनिकता का प्रतीक है।

©KSEEB Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



कन्नड विश्व विद्यालय, हंपी

इस जिले में दो विश्वविद्यालय हैं। प्रथम हम्पी का कन्नड विश्वविद्यालय तथा दूसरा बल्लारी का विजयनगर श्री कृष्णदेवराय विश्वविद्यालय ।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए

1. कलबुरगी विभाग में कितने जिले हैं ?
2. प्राचीन काल में इस प्रदेश पर शासन रत तीन राजवंशों के नाम लिखिए।
3. भारत में स्वर्ण प्राप्त होने वाला स्थान रायचूरु में है। इस स्थान का नाम लिखिए।
4. इस विभाग में स्थापित दो ऊष्मा उत्पन्न विद्युत स्थावर किस जिले में हैं?
5. हंपी किस साम्राज्य की राजधानी थी?
6. ख्वाजा बंदेनवाज दर्गा किस जिले में है ?

क्रिया कलाप

इस विभाग के जिलों में स्थित लौह खनिज की खानों तथा लोह इस्पात कारखानों की सूची तैयार कीजिए। इनके चित्रों को संग्रह कर रपट तैयार कीजिए ।

बेलगावी विभाग

इस विभाग के चार जिले सन् 1956 तक मुम्बई प्रांत में थे। राज्य पुनार्विभाजन में कर्नाटक में विलीन हो गए। ये विभाग धारवाड जिले को सन् 1997 में विभक्त कर हावेरी तथा गदग जिले बनाए गए। तथा विजापुर (विजयपुर) जिले को विभाजित कर बागलकोटे जिला बनाया गया। इस विभाग में आज सात जिले हैं। ये हैं -

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

बेलगावी, धारवाड, हावेरी, गदग, विजयपुर, बागलकोटे तथा उत्तर कन्नड जिले।



बेलगावी विभाग

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

इस प्रदेश पर शातवाहन तथा मौर्यों का शासन था। इस विभाग की राजधानी कदंबों ने बनवासी को बनाया था। चालुक्यों की राजधानी बादामी यहाँ है। बादामी, पट्टदकल्लु तथा ऐहोले में विश्वख्यात मंदिर हैं। बादामी की गुफाओं में शिल्पकला का वैभव देखते ही बनता है। इस विभाग के बसवन बागेवाडी, कूडलसंगम आदि वचन आन्दोलन के केंद्र थे। सामाजिक परिवर्तन का प्रारंभ करने वाले श्री बसवेश्वर का ऐक्य स्थान कूडलसंगम में है। बेलगावी विभाग पर राष्ट्रकूटों के बाद बहमनी राजाओं ने शासन किया।



बदामी गुफा में शिल्पकला


भारत के स्वतंत्रता संग्राम में बेलगावी विभाग के जिलों का अद्‌भुत योगदान है। कित्तूर रानी चेन्नम्मा ने सन् 1824 में अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष किया । यह संघर्ष

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

ऐतिहासिक महत्व रखता है। तत्पश्चात् संगोल्ली रायण्णा का स्वतंत्रता के लिए संघर्ष स्मरणीय है। बेलगावी में सन् 1924 में महात्मा गाँधीजी की अध्यक्षता में कांग्रेस अधिवेशन चला। उत्तर कन्नड जिले में कर विरोध सत्याग्रह चला।



कित्तूर राणी चन्नम्मा



संगोल्ली रायण्णा

इस विभाग के जिले मुंबई प्रांत के अंतर्गत थे। सन् 1956 में कर्नाटक का एकीकरण हुआ। तब ये कर्नाटक में एकीकृत हो गए। आरंभ में इस विभाग में बेलगावी, उत्तर कन्नड, विजापुर (विजयपुर) तथा धारवाड चार जिले थे। बाद में धारवाड जिले से विजयपुर को विभक्त कर दिया गया। आज इस विभाग में कुल सात जिले हैं। विजयपुर, उत्तर कन्नड, तथा बेलगावी सीमांत जिले हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. अंग्रेजों के विरुद्ध संघर्ष करने वाली रानी का नाम लिखिए।
2. हावेरी, गदग और बागलकोटे नवीन जिलों की रचना किस वर्ष हुई?
3. महत्मा गाँधीजी की अध्यक्षता में कांग्रेस का अधिवेशन इस विभाग के किस जिले में तथा किस वर्ष हुआ?
4. बादामी किस राजवंश की राजधानी थी?

रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

1. बेलगावी विभाग के जिले - वर्ष कर्नाटक में एकीकृत हो गए।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

प्राकृतिक सम्पदा

इस विभाग में प्राकृतिक संसाधन समृद्ध हैं । जलयुक्त नदियाँ हैं। घने जंगल हैं। अनेक खानिजों की खानें है। उपजाऊ मिट्टी है। विद्युत स्थावर हैं। इस विभाग में बहनेवाली प्रमुख नदियाँ कृष्णा, मलप्रभा, घटप्रभा, भीमा, काली, तुंगभद्रा आदि हैं। इन नदियों के बहनेवाले प्रदेशों में सुंदर जलप्रपात हैं। गोकाक जलप्रपात बडा ही आकर्षक है। दांडेली के निकट मागोडु जलप्रपात, कारवार के निकट देवमाला जलप्रपात, मुरुडेश्वर के निकट अप्सर कोंडा जलप्रपात आदि प्राकृतिक सौन्दर्य की दृष्टी से मनोहारी हैं। यहाँ पर्यटन उद्योग के लिए उत्तम वातावरण है। अंशी राष्ट्रीय उद्यानवन काली नदी के तट पर है। दांडेली का वन्य जीव धाम सराहनीय है। अट्टिवेरी पक्षी धाम एक अन्य प्राकृतिक रुप से सुंदर स्थान है। इस विभाग के बागलकोटे जिले में लौहखनिज प्राप्त होते हैं। यहाँ प्राप्त होने वाली एक और कच्ची वस्तु चूनापत्थर है। इस विभाग के जिलों में खडिया या बिल्लात अपार मात्रा में प्राप्त होता है। इलकल विभाग में ग्रेनाइट की अपार खानें (निक्षेप) हैं। यहाँ से ग्रेनाइट का निर्यात होता है।



इलकल ग्रेनाइट उद्योग

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. बेलगावी विभाग की दो प्रमुख नदियों के नाम लिखिए ।
2. इस विभाग में स्थित प्रमुख वन्यजीव धामों के नाम बताइए ।
3. इलकल में कौन सा संसाधन प्राप्त होता है?

© KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

वन तथा वन्य जीव धाम



घनेदार जंगल

इस विभाग के बेलगावी जिला , उत्तर कन्नड, धारवाड जिलों में घने जंगल हैं। यहाँ सदाबहारी वन हैं। उष्णकाटिबंधीय घने जंगलों के कई भागों तथा वर्ष पूर्ण हरे रहने वाले वनों का सदाबहारी वन कहते हैं। यहाँ अनावृष्टी (वर्षा का ना होना) कभी नहीं होती। यहाँ आराक्षित वन प्रदेश, संरक्षित वन प्रदेश तथा मुक्त वन प्रदेश हैं। उत्तर कन्नड जिले के कुल विस्तार का 80 प्रतिशत भाग वन प्रदेश है । हाथी, जंगली भैंसा, हिरन, बाघ, चीता, भाल्, मोर, जंगली बिल्ली आदी यहाँ पाए जाते हैं।

इन जंगलों में रोज वुड (काली लकडी), चंदन के पेड, नंदी, सागौन आदी बहुमूल्य वृक्ष पाए जाते हैं। वनों से प्राप्त वस्तुएँ जंगलो में वास करने वाले आदिवासियों की आय का साधन हैं।

निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. सदाबहारी वन किसे कहते हैं ?
2. बेलगावीं विभाग के प्रमुख जलप्रपातों के नाम लिखिए।
3. बेलगावी विभाग के किन जिलों में लोहखानिज पाए जाते हैं?

कृषि तथा उद्योग

इस विभाग में व्यापक रुप से लाल और काली मिट्टी मिलती है। धान, कपास, मक्का, दाल, गेहूँ, मूँगफली, बाजरा, मिर्च प्रमुख फसलें हैं। महालिंगपुर का गुड, ब्याडगी की लाल मिर्च, काजू आदि यहाँ के प्रमुख उत्पाद हैं। मलप्रभा सिंचाई योजना (नविलतीर्थ) कृष्णा ऊपरी तट योजना (आलमट्टी) प्रमुख सिंचाई योजनाएँ हैं। काली, वरदा, शरावती, डोणी, भीमा, आदी यहाँ की प्रमुख नदियाँ हैं।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



आलमट्टी बाँध

मत्स्य पालन उत्तर कन्नड जिले का प्रमुख व्यवसाय है। यहाँ अनेक मत्स्य संस्करण (शुद्धीकरण) घटक हैं। इनका एक अन्य उत्पाद काजू है। काजू संस्करण इकाई भी यहाँ है। उत्तर कन्नड जिले में कद्रा, सूफ, कोडसल्ली, नागझरी तथा कैगा प्रमुख विद्युत उत्पादन केंद्र हैं। सुपारी, गन्ना, कपास, मसाले यहाँ की प्रमुख वाणिज्यिक फसले हैं। विजयपुर तथा बागलकोटे जिले बागानी फसलों के लिए प्रसिद्ध हैं । यहाँ की जलवायु तथा मिट्टी की विशेषताएँ फलों के लिए अनुकूल हैं। इस जिले में अंगूर की खेती काफी मात्रा में की जाती है। अंगूर संस्करण इकाई यहाँ पनप रही है। अनार, नींबू, आम, मोसंबी आदि फल यहाँ उगाए जाते हैं। हावेरी जिले में सुधारित बीज उत्पादन का केंद्र है। गुलेदगड्डा खण उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है।

उद्योग धन्धों की दृष्टी से हुब्बल्लि, बेलगावी, बागलकोटे, गदग, हावेरी प्रमुख केंद्रो के रूप से विकासित हो रहे हैं। इलकल में अनेक ग्रेनाइट प्रस्तार की संस्करण इकाइयाँ कार्यरत हैं।

निम्नालिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. इस विभाग के जिलों की प्रमुख कृषि उत्पाद फसलें कौन-कौन सी हैं?
2. इस विभाग के किन जिलों में मत्स्यपालन लोगों का प्रमुख व्यवसाय है?
3. इस विभाग के किस जिले में बीज उत्पादन का केंद्र है?
4. इस विभाग का ब्याडगी किस कृषि उत्पाद के लिए प्रसिद्ध है?

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कला, साहित्य, संगीत, जानपद नाटक

इस विभाग के जिले विविध प्रकार की लालित कलाओं के लिए प्रसिद्ध हैं। धारवाड-राष्ट्रीय-अन्तर्राष्ट्रीय स्तरपर हिंदुस्तानी संगीत की जन्म भूमि माना जाता है। भारत रत्न पंडित भीमसेन जोशी, पंडित माल्लिकार्जुन मन्सूर, बालेखान (सितार), विदुषी गंगूबाई हानगल, पंडित वेंकटेश कुमार, पंडित बसवराज राजगुरु आदि संगीतज्ञ धारवाड से हैं।



शिशुनाल शरिफ



द.रा. बेंद्रे

मध्ययुग के अनेक प्रमुख काव्य रचनाकार रन्न, नागचंद्र, नयसेन कुमारव्यास, चामरस, बसवण्ण, कनकदास, शिशुनाल शरीफ, आदि बेलगावी विभाग के विविध प्रदेशों से हैं। वचन पितामह फ.गु.हलकट्टी, रेवरेंड किट्टेल्, भूसनूरमठ, वी.कृ. गोकाक, ज्ञानपीठ पुरस्कार से अलंकृत द.रा.बेंद्रे, दिनकर देसाई, तथा दो अन्य ज्ञानपीठ पुरस्कृत गिरिश कार्नाड, चंद्रशेखर कंबार आदि इसी विभाग के हैं। बसवराज कट्टीमनी, एम.एम.कलबुर्गी, आद्य रंगाचार्य (श्रीरंग) आदी आधुनिक युग में कन्नड साहित्य को समृद्ध कर रहे हैं। जानपद ज्ञाता हुक्केरी बालप्पा, नाडोज सुक्रि बोम्म गौडा आदि जानपद के क्षेत्र में ख्यात कलाकार हैं । श्री कृष्ण पारिजात, बडगुतिट्ट, यक्षगान, सण्णाटा (धोटे खेल), दोड्डाटा (बडे खेल), आदि नाटकों के प्रकार यहाँ विकासित हुए। अप्पालाल जमखंडी, कौजलगी निंगम्मा, लोकापुर देशपांडे आदि नाटककला के अग्रणी हैं।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



कर्नाटक विश्वविद्यालय

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. इस विभाग के तीन ज्ञानपीठ पुरस्कृत साहित्यकारों के नाम लिखिए ।
2. इस विभाग के तीन प्रसिद्ध संगीतकारों के नाम लिखिए।
3. इस प्रदेश के दो प्रसिद्ध नाटक के प्रकारों के नाम लिखिए।

हमारी शिक्षा और स्वास्थ्य

धारवाड, बेलगावि, तथा विजयनगर प्रमुख शिक्ष केंद्र हैं। धारवाड में कर्नाटक विश्वविद्यालय है। हुब्बल्लि में कर्नाटक कानून विश्वविद्यालय है। बेलगावी में रानी चेन्नम्मा विश्वविद्यालय, विश्वेश्वरय्या तांत्रिक विश्वविद्यालय तथा विजयपुर में कर्नाटक राज्य महिला विश्वविद्यालय है।

इस विभाग के जिले साक्षरता की दृष्टी से उन्नतस्थान पर है। बेलगावी, हुब्बल्लि, विजयपुर, बागलकोटे में वैद्यकीय महाविद्यालय तथा आभियांत्रिक (इंजीनियरिंग) महाविद्यालय हैं। 19 वीं शताब्दी के अंत में डिप्टी चन्नबसप्पा के नेतृत्व में कन्नड विद्यालय आरंभ हुए। अनेक निजी शिक्षा संस्याएँ शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। ईसाई संस्थाएँ शिक्षा के प्रसार क्षेत्र में अपार योगदान दे रहे हैं।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

स्वास्थ के क्षेत्र में बेलगावी विभाग के जिले काफी प्रगती पर हैं। जनसंख्या वृद्धि की मात्रा भी कम है । माताओं का शिशुओं का मृत्यु दर अधिक है।


महिलाएँ तथा बच्चे एनीमिया (रक्त हीनता) से पीडित हैं। तालुक तथा जिला केंद्रों में सरकारी अस्पाताल खोले गए हैं। ग्रामीण प्रदेशों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। गाँवों में स्वास्थ्य उपकेंद्र हैं। वैद्यकीय महाविद्यालय अपने ही निजी अस्पताल चला रहे हैं।

निम्नालिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।


1. बेलगावी विभाग के किस जिले में कर्नाटक कानून विश्वविद्यालय है?
2. ग्रामीण प्रदेशों में सरकार द्वारा स्थापित स्वास्थ्य केंद्र का नाम क्या है?
3. इस विभाग के किस जिले में बागान विश्व विद्यालय है?
4. कर्नाटक राज्य में प्रथम महिला विश्वविद्यालय कहाँ प्रारंभ हुआ?

सांस्कृतिक सम्पदा

यह सांस्कृतिक रुप से सम्पन्न विभाग है। कला, संगीत, नाटक, साहित्य में इस विभाग की अपार देन है। यहाँ के संगीत कार राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तरपर ख्याति प्राप्त है। पंडित भीमसेन जोशी को भारत रत्न की उपाधि प्राप्त है। इस विभाग के तीन साहित्य कारों को ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त है। हुब्बल्ली को कर्नाटक का वाणिज्यिक केंद्र माना जाता है। ब्याडगी, महालिंगपुर, विजयपुर में क्रमशः मिर्च, गुड तथा अंगूर व्यापार के केंद्र हैं। बेलगावी विभाग वृत्ति रंगभूमि का समृद्ध स्थान है।.



भारतरत्न पं. भीमसेन जोशी



मल्लीकार्जुन मन्सूर



गंगूबाई हानगल



पंचाक्षर गवाई

इस विभाग के ऐतिहासिक स्मारक विश्वविख्यात हैं। बादामी, पट्टदकल्लु तथा ऐहोले के ऐतिहासिक स्मारक कार्नाटक की सांस्कृतिक धरोहर हैं। पर्यटन उद्योग भी तेजी से विकासित हो रहा है। उत्तर कन्नडा जिले का कारवार सुरक्षा क्षेत्र का प्रमुख नौकासेना के रुप में विकासित हो रहा है। इस जिले के घने जंगल प्रदेश वन्य जीवियों

© KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

का आश्रय धाम हैं। यह विभाग अनेक नदियों का उद्गम स्थान है। इस विभाग के अनेक जलप्रपात पर्यटकों को अपार संख्या में आकार्षित करते हैं। नदी तटों के बीच भी पर्यटकों के लिए आकर्षणीय स्थल हैं।

स्वतंत्रता सेनानी



पाटील पुट्टप्पा



फ.गु हलकट्टी

जैसा कि कहा जा चुका है बेलगावी विभाग के कित्तूर में 19 वीं शताब्दी में ही अंग्रेजों के विरुद्ध संग्राम छिड चुका था। स्वतंत्रता के लिए मैलार महादेवप्पा ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि हमारे राज्य में स्वतंत्रता के लिए विद्रोह सर्वप्रथम बेलगावी विभाग के जिलों से ही आरंभ हुआ था। इस विभाग के हजारों लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेकर कारागृह का दण्ड भी भुगता है । हजारों स्वतंत्रता सेनानियों में प्रमुख हैं - सिद्धप्पा कंबली, आलूर वेंकटराव, ना.सु.हर्डिकर, हर्डेकर मंजप्पा, गंगाधर राव देशपाण्डे, आर.आर.दिवाकर, नाडोजा, पाटील पुट्टप्पा। इन्होंने स्वतंत्रता के लिए लडने के साथ-साथ कर्नाटक एकीकरण के लिए भी संघर्ष किया। इसके साथ अनेक समाज सुधारों से भी वे जुडे रहे वचन पितामह की पदवी से विभूषित डॉ.फ.गु. हलकट्टी ने समाचार पत्र (पत्रकारिता) में भी कार्य किया। मोहरे हनुमंतप्पा, पाटील पुट्टप्पा आदि ने पत्र पत्रिकाओं द्वारा जनता में प्रेरणा जागृत की।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. इस विभाग की किस रानी ने सन् 1824 ये अंग्रेजों के विरुद्ध लडाई लडी?

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

2. तीन प्रमुख स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लिखिए।
3. इस विभाग के पत्रकारिता में अपार योगदान देने वाले दो प्रमुख लोगों के नाम लिखिए।

जिलों की विशेषताएँ

इस भाग के प्रत्येक जिलों की विशेषताएँ, वहाँ की कृषि उद्योग, प्राकृतिक संसाधनों द्वारा जानी जा सकती है।

धारवाड जिला

धारवाड कर्नाटक के सांस्कृतिक केंद्र के रुप में जाना जाता है। साहित्य, संगीत, शिक्षा की जन्मभूमी धारवाड है। धारवाड का पेडा मिठाइयों में प्रसिद्ध है। जब यह जिला मुंबई प्रांत का हिस्सा या तब यहाँ की सरकारी भाषा मराठी थी । किंतु अनेक शिक्षाविदों की भूमिका द्वारा 20 वीं शताब्दी के प्रारंभ में यहाँ बहुत से कन्नड विद्यालय प्रारंभ हुए।

टाटा समूह के अनेक उद्योग यहाँ हैं। बोरुका टेक्सटाइल्स कारखाना यहाँ है। मुरुडेश्वर सिरामिक्स कारखाने से कई लोगों को रोजगार मिला है। धारवाड हुब्बल्ली नगरों के बीच उणकल तालाब पडता है। इसे आकर्षक रुप में विकसित किया गया है। धारवाड से केवल कुछ मील दूरीपर कुंदगोल है। जो हिन्दुस्थानी संगीत के विकास में मुख्य भूमिका निभा रहा है। हिंदुस्तानी संगीत में अभूतपूर्व उपलाब्धि प्रात्प करने वाले सवाई गंधर्व का जन्म स्थान कुंदगोल है।

हावेरी जिला

यह जिला सन् 1997 में रचित हुआ। धारवाड जिले को विभक्त कर इस जिले को बनाया गया । यह जिला मूलत: कृषि प्रधान जिला है। यहाँ मजदूरी करनेवालों में कुल 70 प्रतिशत कृषिपर अवलंबित लोग हैं। इस जिले की विशेषता यह है कि यहाँ सुधारित संकर बीज को बडी मात्रा में उगाया जाता है। अनुबंधित (टेके) आधार पर पूर्व निर्धारित दाम पर बीजों को किसान बीजोत्पादक इकाइयों को बेचते हैं। यहाँ के कृषक (किसान) रासायनिक खाद, औषधि सुधरित बीजों का उपयोग कर बीज का उत्पादन करते हैं। आज किसान अधिक संख्या में पारंपरिक बीजों को बोकर जैविक तरीके से कृषि कर रहे हैं।

इस जिले में अनेक ऐतिहासिक मंदिर हैं। बंकापुर का नगरेश्वर मंदिर, मैलार का मैलार लिंगेश्वर मंदिर, चालुक्य काल का सिद्धेश्वर मंदिर काफी लोगों को आकार्षित करता है। गोटगोडी में स्थित उत्सव रॉक गार्डन अंतर्राष्ट्रीय ख्याती प्राप्त कर चुका

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


है। यहाँ सामान्य सहज रीति की सजीव मूर्तियाँ निर्मित हैं। आधुनिक शिल्पकला के सूत्रों का उपयोग कर इसका निर्माण किया गया है। इसके प्रवर्तक कलाविद् सोलबक्कनवर है।



कनकदास

कलाविदों, साहित्यकरों की जन्मभूमि हावेरी है। ऐसा कहा जाता है कि कविवर सर्वज्ञ का जन्म यहीं हुआ था। शिशुनाल शरिफ हावेरी जिले से हैं। कनकदास का जन्मस्थान बाड ग्राम, इसी जिले में हैं। यहाँ राणेबेन्नूर वन्यजीवधाम है। कनकदास की संस्था के क्षेत्र कागीनेले में अनेक मंदिर हैं।

जिले के कुमारपट्टणम् में ग्रासिम कारखाना है। हरिहर पॉलिफाइबर्स उद्योग यहाँ है। सियोटेक रासायनिक उद्योग यहाँ कार्यरत है। इसमें अनेक मुर्गीपालन क्षेत्र हैं। शीतागार की यहाँ काफी माँग है।




सर्वज्ञ कवि

गदग जिला

सन् 1997 में धारवाड जिले को विभक्त कर गदग जिला बना। प्राचीन काल से ही यहाँ कृषि उत्पाद का मुख्य बाजार रहा है। इस जिले का इतिहास 11-12 वीं शतब्दी का माना जा सकता है। चालुक्य राजाओं द्वारा निर्मित वीरनारायण तथा त्रिकुटेश्वर मंदिर कला एवं वास्तुशिल्प अद्भुत है। लगभग दो शताब्दी पूर्व निर्मित जुम्मा मस्जिद यहाँ पर है।

इस जिले में जीव वैविध्य क्षेत्र कप्पतगुड्डा औषधि का वनस्पति उद्यान विकसित करने तथा औषधिवनस्पति को संस्करित करने की इकाई स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। कर्नाटक विद्युत विभाग ने पवन शक्ति इकाई स्थापित करने का जिम्मा लिया है। वन विभाग ने मागडी पक्षी-धाम को यहाँ विकासित किया है। गदग और बेटगेरी नगर को मिलाकर गदग-बेटगेरी नगरसभा बनाया गया है।



कुमारव्यास

भारत की प्रथम सहकार संस्था सौ वर्ष पूर्व कणागिनहाल में आरंभ हुयी मानी जाती है। सहकार आन्दोलन को आधुनिक रुप ख्यात दिग्गज राजनेता के.एच.पाटील ने दिया। कुमारव्यास ने गदग के वीर नारायण के स्मरण में काव्य की रचना की । इसका ऐतिहासिक रुप से संबंध इसी स्थान से है । कुमारव्यास के 'कर्नाटक भारत कथा मंजरी' ही

©KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

'कुमारव्यास भारत' के नाम से प्रख्यात है। गदग के तोंटदार्य स्वामीजी समाजसेवा कर रहे हैं।



वीरनारायण मंदिर

इस जिले में ज्वार, मूँगफली, गेहूँ, मूँग, चना आदि खाद्य फसल तथा आम, आडू, अंगूर, अनार, आदि फल उगाए जाते हैं। यह जिला खाद्य पादार्थों का प्रमुख बाजार है। गदग नगर में मुद्रण इकाइयाँ कार्यरत हैं। हुलकोटि में 'दि गदग को आपरेटिव टेक्सटाइल मिल', गाणगापुर में श्री विजयनगर चीनी का कारखाना, श्री सोमेश्वर फार्मर्स को-ऑपरोटिव स्पिनिंग मिल (कृषक सहकार सूत - कताई कारखाना) उत्पादन की दिशा में अग्रसर है।


विजयपुर जिला

विश्वविख्यात गोलगुम्बद विजयपुर नगर में है। इसे फुसफुसाने वाला गुम्बद कहा जाता है। जैसा कि आप जानते हैं कि इस प्रदेश पर आदिलशाही राजवंश का शासन था। दिल्ली के मुगलशासक औरंगजेब के आक्रमण से आदिलशाहि प्रशासन समाप्त हो गया। 1724 में यह निजामों के वश में आया। किंतु सन् 1760 में निजामों से मराठा पेशवा ने इसे अपने वश में कर लिया। इसका भी अंत हुआ और सन् 1818 में यह अंग्रेजों के अधिकार में आ गया । स्वतंत्रता के बाद सन् 1956 में यह कर्नाटक में विलीन हो जया।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



गोलगुंबद, विजयपुर

चालुक्यों के शासन काल में इसका नाम विजयपुर पड़ा। इस प्रदेश पर बार-बार दिल्ली सल्तनत का आक्रमण होता रहा। इसके साथ साथ आदिलशाहि राजाओं को विजयनगर शासकों से भी लड़ना पडता था।

आदिलशाही शासकों ने सन् 1656 में गोलगुम्बद का निर्माण कराया। इस गुम्बद का व्यास पूरे विश्व में द्वितीय बडे गुम्बद में प्रसिद्ध है। एक अन्य भवन (इमारत) इब्राहिमरोजा है। इसकी तुलना कई लोग आगरा के ताजमहल से करते हैं। इब्राहिम आदिलशाह ने अपने शासन काल में हिंदू और मुसलमानों के बीच सौहार्द्रता स्थापित करने का कार्य किया। यह एक प्रसिद्ध कवि था। इसने अपनी रचनाओं में सरस्वती गणपति स्तोत्र वंदना की है।

वचन आन्दोलन के प्रवर्तक बसवण्ण से जुडे अनेक नगर इस जिले में है। बसवण्ण का कार्य क्षेत्र बसवकल्याण है विजयपुर जिले की सीमा पर है। यहाँ मलप्रभा तथा कृष्णा नदी का संगम है। इससे यह कूडलसंगम कहलाया। यहाँ बसवण्ण के ऐक्य का स्थान है।



कुडलसंगम ऐक्य मंटप

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

विजयपुर जिले का प्रमुख उद्योग कृषि है। यहाँ उत्पन्न खाद्य पदार्थों में ज्वार, मक्का, मूँग, बाजरा आदि प्रमुख है। यहाँ की प्रमुख वाणिज्यिक फसल कपास, गन्ना आदि हैं। यहाँ उत्पन्न तेलीय बीजों में मूँगफली, सूर्यमुखी आदि प्रमुख हैं। इस जिले का वातावरण फलों के उत्पादन के लिए अनुकूल है। यह राज्य प्रमुख रुप से अंगूर उत्पादन का राज्य है। अनार, आड़ू, पपीता, खरबूज आदि यहाँ उत्पादित किए जाते हैं।

विजयपुर शैक्षिक केंद्र के रुप में विकसित हो रहा है। यहाँ कर्नाटक राज्य महिला विश्वविद्यालय है। यहाँ कृषि महानिद्यालय है। अनेक अभियांत्रिकी (इंजीनियरिंग) और वैद्यकीय महाविद्यालय यहाँ हैं।

बागलकोट जिला

विजयपुर जिले को विभक्त कर 1997 में बागलकोटे जिले की रचना की गई। इस जिले में चालुक्यों की राजधानी बादामी है। बादामी, ऐहोले तथा पट्टदकल्लु को वास्तुशिल्प की प्रयोग शाला कहा जा सकता है। यहाँ गुफाओं को काटकर मंदिर बनाए गए हैं। इसे विश्व ने परम्परा के केंद्र के रुप में मान्यता दी है। इस जिले का बनशंकरी मंदिर और शिवयोग मंदिर विख्यात है।

पल्लव, विजयनगर राजा, आदिलशाहि राजवंश, निजाम, मराठा तथा अंग्रेजों ने यहाँ शासन किया। इस जिले का गुलेदगुड्ड रेशमी वस्त्र बुनने के लिए प्रसिद्ध है।



अबूबकर् दर्गा, जमखंडी

बीलगी मुहर्रम त्योहार के आचरण के लिए प्रख्यात है। प्रसिद्ध हिन्दुस्तानी गायिका और अभिनेत्री अमीरबाई कर्नाटकी बीलगी नगर से हैं। इलकल का विजयमहंतेश मठ

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

हजारों भक्तों को आकार्षित करता है। यहाँ का हजरत सैय्यद मुर्तुजा खाद्री दरगाह प्रसिद्ध है । इलकल की साडियाँ यहाँ की महत्वपूर्ण उत्पाद हैं। जमखंडी के पटवर्धनों के वश में स्थित राजसंस्थान है। यहाँ का अबूबकर दरगाह प्रसिद्ध है।

इस जिले के रबकवि बनहट्टी बुनकरों का केंद्र है। यहाँ हथकरघा तथा विद्युत करघों द्वारा बुनाने का कार्य होता है।



ऐहोले, देवालय

इस जिले में बहनेवाली तीन नदियाँ कृष्णा, मलप्रभा तथा घटप्रभा है। महाराष्ट्र में कोयना बाँध निर्मित होने के बाद इन नदियों के पानी की मात्रा कम हो गयी। इससे अकाल खानाबदोशी (अकाल के कारण स्थान छोड जाना) गरीबी ने यहाँ के निवासियों के जीवन को बदतर बना दिया है। कृष्णा नदी पर पुल या बाँध बनाने के लिए लोगों ने सरकार पर दबाव डाला। अंत में इस विभाग के किसानों ने सिद्धू नामगौडा के नेतृत्व में कृष्णा नदी के तट पर कृषक संघ संगठित कर धन और सामग्री संग्रह की और श्रमदान कर चिक्कपडसलगी नामक स्थान पर बैराज (पुल) निर्मित किया। यह देश का प्रथम निजी बैराज है। लालबहादूर शास्त्री के नाम पर आलमट्टी बॉध प्रसिद्ध है।

इस जिले में प्राप्त खनिजसम्पदा चूनापत्थर, ग्रेनाइट पत्थर, लालग्रेनाइट, डालमाइट, आदि हैं। यहाँ अनेक चीनी के कारखाने, सीमेंट कारखाने हैं।

बेलगावी जिला

कर्नाटक का प्रसिद्ध सीमांत जिला बेलगावी है। यह गोवा तथा महाराष्ट्र राज्य के बगल में पडता है। इस जिले का प्राचीन नाम वेणुग्राम है, अर्थात बाँस का गाँव। इस जिले का प्राचीन गाँव हलसी है। कदंबों की एक शाखा ने इसे अपनी राजधानी बनाया था। इस प्रदेश पर चालुक्यों, राष्टकूटों, देवगिरि के यादवों, दिल्ली सुल्तानों का

© KSBP Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

शासन था। कित्तूर रानी चेन्नम्मा को सन् 1824 में अंग्रेजों ने हराया और इसे अपने वश में कर लिया, और मुंबई प्रांत में मिला दिया। इससे इस जिले में मराठों का प्रभाव बढा। फलस्वरुप आज भी यहाँ महाराष्ट्र के साथ सीमा विवाद चल रहा है। इस जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित यडूरु का वीरभद्र मंदिर प्रसिद्ध है। अंगेजों ने यहाँ अपनी एक सैनिक टुकडी की छावनी बनायी थी।

इस जिले का गोकाक जलप्रापात बडा आकर्षक है। गोकाक मिल से अनेक लोगों का उद्योग मिला है। शेडबाल का 12 वीं शताब्दी में निर्मित शांतिनाथ मंदिर भक्तों को आकर्षित करता है। यल्लम्मा का पहाड प्रसिद्ध रेणुका एल्लम्मा का स्थान है। यहाँ जिला शैक्षिक केंद्र के रूप में विकासित हो रहा है। यहाँ रानी चेन्नाम्मा विश्वविद्यालय, विश्वेश्वरय्या तांत्रिक विश्वविद्यालय है। यहाँ अनेक अभियांत्रिकी (इंजीनियरिंग) वैद्यकीय महाविद्यालय हैं।

यह जिला राज्य का प्रमुख औद्योगिक केंद्र हैं। यहाँ चीनी के कई कारखाने हैं। हिडाल्को उद्योग, कपास मिल, चमडे का उद्योग, टाटा की विद्युत इकाई, हिंदुस्तान वनस्पति दूध की इकाई यहाँ हैं।



चीनी का कारखाना

कर्नाटक सरकार ने बेलगावी में बेंगलूरु की विधानसौध के समान बृहत् सुवर्ण सौध का निर्माण किया है। यहाँ वर्ष में एक बार सरकार विधानमण्डल अधिवेशन चलाती है।

उत्तर कन्नड जिला

कर्नाटक का प्रासिद्ध तटीय जिला उत्तर कन्नड है। इसका केंद्रस्थान कारवार है। इस जिले के स्वरुप के कारण ही भारत सरकार ने यहाँ बृहत नौका स्थान 'सी बर्ड' की स्थापना की है। इस जिले के कुल विस्तार का 70 प्रतिशत भाग वनप्रदेश है। यहाँ के लोगों का मुख्य उद्योग मत्स्यपालन है। इस जिले का पर्यटन सामर्थ्य भी

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

उत्तम है। यहाँ अनेक आकर्षणीय जलप्रपात हैं। इस जिले को भौगोलिक विशेषताओं के आधारपर दो भागों में विभक्त किया जा सकता है। प्रथम तटीय प्रदेश कारवार, अंकोला, कुमटा, होन्नावर तथा भट्कल भाग हैं तो दूसरा मलेनाडु (पर्वतीय) प्रदेश है। इसमें शिरसी, सिद्दापुर, यल्लापुर, हलियाल, जोयिडा, तथा मुंडगोड आते हैं।



कैगा विद्युत केंद्र

इस जिले में वार्षिक वर्षा 3000 मिलीमीटर तक होती है। यहाँ सदाबहारी वन है।

इस जिले का बनवासी कदम्बों की राजधानी थी। इस प्रदेशपर कदम्ब, चालुक्य, राष्ट्रकूट, होयसल, विजयनगर राजा, मराठा तथा अंग्रेजों का शासन था। कहते हैं कि प्राचीन काल से यह ल्यापार का केंद्र भी था। मोराको का प्रवासी इबन बटूट के यहाँ निवास के बारे में बताया जाता है। यह जिला सन् 1750 में मराठों के अधिकार में था। तत्पश्चात् यह मैसूरु संस्थान के कब्जे में आया। किन्तु सन् 1799 में इसे अंग्रेजों नें अपने वश में ले लिया। अंग्रेजों ने इसे मद्रास प्रांत का हिस्सा बना दिया। किंतु सन् 1860 में इसे मुंबई प्रांत में मिला लिया।

प्राचीन काल से यह अरब, डच, पुर्तगालियों का व्यापार केंद्र था। काली मिर्च, लौंग, दालचीनी आदी मसाला चीजों का व्यापार सामग्री थे। नोबेल पुरस्कार विजेता कवि रवींद्रनाथ ठाकुर 1882 में यहाँ आए थे। अपनी आत्मकथा में अपने कारवार आने के बारे में एक अध्याय में उल्लेख किया है। पंप महाकवि से वर्णित बनवासी इसी जिले में है। कैगा विद्युत केंद्र यहाँ है।

©KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



सी बर्ड नौकादल

इस जिले में उगायी जाने वाली प्रमुख फसल गन्ना, कोक, काजू, धान, केला, अनानस, आडू आदि हैं। इस जिला के प्रमुख बंदरगाह भटकल, होन्नावर, कारवार, तदडी, बेलीकेरी आदि हैं। यहाँ कन्नड के साथ साथ कोंकणी भाषा का भी चलन है।

इस जिले में बहने वाली प्रमुख नदियाँ अघनाशिनी, शरावती, काली, गंगावती आदि हैं।

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

1. इस जिले में औसत होने वाली वर्षा की मात्रा कितनी है?
2. इस जिले के प्रमुख बंदरगाहों के नाम लिखिए ।
3. भारत सरकार द्वारा स्थापित यहाँ की नौका सेना का नाम क्या है?
4. इस जिले में बहने वाली नदियों के नाम लिखिए।
5. इस जिले में कन्नड भाषा के बाद अत्याधिक बोली जाने वाली एक अन्य भाषा कौन सी है?

क्रिया कलाप

1. कर्नाटक के तीस जिलों की सूची बनाइए। जिलानुसार कर्नाटक का मानाचित्र संग्रह कीजिए। प्रत्येक जिले के पर्यटन केंद्रों की सूची बनाइए। इन सब की संक्षित्प टिप्पणी बनाकर रपट तैयार कीजिए।
2. कर्नाटक के विविध जिलों के वचनकारों से संबंधित स्थानों की सूची बनाइए। वचनकारों की सूची तैयार कीजिए। इन सब को मिलाकर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए।

*****

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ 2	दक्षिण भारत के प्रमुख राजवंश

पाठ परिचय

इस पाठ में दक्षिण भारत पर शासन किए शातवाहन, चोल, राष्ट्रकूट, कल्याण चालुक्य और होय्सल राजवंशों के प्रसिद्ध राजाओं के बारे में बताया गया है। इन वंशों का देन इतिहास में कला, वास्तुशिल्प, धर्म, साहित्य, शिक्षा, आर्थिक, सामाजिक आदी क्षेत्रों में क्या है। ये सब का विवरण दिया है।

सामर्थ्य

1. गौतमिपुत्र शातकर्णि और शातवाहनों की देन का स्मरण करना ।
2. मयूरवर्म का साहस और कदंबों के उपहार का प्रशंसा करना ।
3. दुर्विनीत और गंगों की देन का स्मरण करना ।
4. पुलिकेशी और चालुक्यों की देन के बारे में समझना ।
5. चोल और पल्लव राजाओं के सैनिक और सांस्कृतिक देन को स्मरण करना ।
6. राष्ट्रकूट राजाओं के सैनिक और संस्कृतिक साधनाओं के बारे में जानना ।
7. कल्याण चालुक्य और होय्सलों के काल का कला, वास्तु-शिल्प का सौंदर्य को पहचानना ।

©KTBS Not to be republished

शातवाहन

मौर्य के बाद दक्षिण भारत में शासन किए प्रमुख राज वंश शातवाहन है। बताया जाता है कि शातवाहन कन्नड मूल के थे। इस वंश के राजाओं का नाम कन्नड के हैं। (उदा : हाल, पुलुमावि, नागनिक आदी) शातवाहन का राजधानी महाराष्ट्र का पैठण अथवा प्रतिष्ठान। इस वंश का श्रेष्ठ राजा गौतमी पुत्र शातकर्णी था। यह अवनती के कगार पहुँचा शातवाहन वंश को फिर से प्रवर्धमान किया।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



गौतमीपुत्र शातकर्णी

गौतमी पुत्र शातकर्णी ने शक, यवन, पहलव नामक विदेशी राजवंशों को हराया। शकों का नहपाण के सिक्कों पर अपना नाम का पुनर्मुद्रण किया। कोंकण, सौराष्ट्र, मालवा, बिरार आदी प्रदेशों में वह अपना राज्य विस्तार किया था । वह 'त्रि समुद्रतोय पीतावाहन' (तीन समुद्रों का पानी पिया हुआ घोडों का सवारी करनेवाला) उपधि पाया था।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

शातवाहनों की देन

धर्म : शातवाहन वैदिक धर्म का पालन करते थे । शिवमोग्गा जिले का तालगुंद का प्रणवेश्वर की पूजा शातवाहन करते थे। ऐसे शासनों से पता चलता है। ये बौद्धों को भी प्रोत्साहन दिया । नासिक, कार्ले, कन्हेरी, अमरावती आदी स्थानों में बौद्ध धार्मिक केंद्रों का निर्माण किया। उनके काल में सूर्य, विष्णु, गणेश आदी देवताओं की आरधना रूढी में था ।

साहित्य और शिक्षण : 'प्राकृत' भाषा सातवाहन के शासन भाषा था। उनके शासन प्राकृत और ब्रह्मी लिपी में हैं। हाल नामक राजा ने 'गाथा सप्तसती' कृति की रचना प्राकृत भाषा में ही किया है। गुणाढ्य ने 'वड्डकथा' और सर्ववर्म ने 'कातंत्र व्याकरण' की रचना की शिक्षा के लिए अग्रहारों की स्थापना हुई। उनमें शिवमोग्गा जिले का तालगुंद (स्थान कुंदूरु) प्रमुख शिक्षा केन्द्र था।

वास्तु शिल्प : वास्तुशिल्प को शातवाहनों की देन अपार है। उनके काल में चैत्य, विहार और स्तूपों का निर्माण हुआ। बौद्धों के प्रार्थना मंदिर को 'चैत्य' कहते हैं और बौद्ध भिक्षुओं का वासस्थान ही विहार है।

शातवाहनों के काल में भारी चट्टानों को काटकर चैत्य और विहारों का निर्माण किया गया। महाराष्ट्र का कार्ले में बहुत बडा और सुंदर चैत्य है । चैत्यों के बाजू में ही चट्टानों को काटकर विहारों को बनाया गया है। आंध्रप्रदेश का अमरावती में अमृतशिला का स्तूप कलात्मक है। कर्नाटक का कलबुर्गी जिले के कनगनहल्ली (सन्नती के पास) और उत्तर कन्नड जिले का बनवासी में शातवाहन काल का वास्तुशिल्प के अवशेषों को देख सकते हैं।



कनगनहल्ली स्तूप के अवशेष

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

व्यापार और शहर : शातवाहनों का काल आर्थिक रुप से समृद्धकाल था । इस का मुख्य कारण यह था कि शहरों के अंदर और बाहर होनेवाले व्यापार कार्य कलाप। साम्राज्य के कई शहर व्यापारी केंद्र थे। वैसे शहरों को निगम कहते थे । महाराष्ट्र के पैठण, कार्ले, कह्हेरी, जुन्नार और नासिक, आंध्रप्रदेश के धन्यकटक (धरणी कोटे) और उत्तर कन्नड जिले का वैजयंती (बनवासी) आदी प्रमुख निगम थे ।

शहरों में श्रेणी नामक संघ थे। व्यापारी लोग और अलग-अलग उद्योग के लोग अपने हित के लिए बनाया गया संघ को ही श्रेणी कहते थे। उदा - धानिक श्रेणी धान व्यापारियों का संघ था। इसी तरह कुम्हार, बुनकर, कृषिक, लोहार, आदी अपने अपने श्रेणी बनाए थे । हर श्रेणी का मुखिया रहता था, उसे श्रेष्ठी य शेट्टी कहते थे। श्रेष्ठी अमीर रहते थे। ऐसा एक श्रेष्ठी ने कार्ले का चैत्य बनवाया। बैलगाडी, गधा, घोडा आदी शहरों के अंदर सामान ले जाने का साधन थे ।

साम्राज्य के पूर्व और पश्चिम तटीय बन्दरगाहों द्वारा विदेशी व्यापार चलता था। शातवाहन के काल में युरोप का रोमन् साम्राज्य के साथ भारत का वाणिज्य संबंध अच्छा था।

©KTBS Not to be republished



सामान ले जानेवाला बैलगाडी (कनगननहल्ली का उभरा शिल्प)

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

आप समझिए

1. बनवासी वैजयंती नाम से शातवाहन का प्रांतीय राजधानी था । शातवाहन के काल में प्राकृत जनप्रिय भाषा थी।
2. अंदाजन 23000साल पहले प्रारंभ हुआ शातवाहनों का शासन चार शतमानों तक रहा।

I. खाली जगहों को सूक्त शब्द से भरिए।

1. शातवाहनों के काल में शिक्षा के लिए ..... स्थापित किया।
2. शातवाहनों का राज्य भाषा ..... था।
3. व्यापारियों के हित-रक्षा के लिए बनाए संघ को ..... कहते थे।
4. गौतमी पुत्र शातकर्णी ने ..... सिक्कों पर अपना नाम मुद्रित करवाया।

II. नीचे के प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

1. शातवाहन वंश का श्रेष्ठ राजा कौन था?
2. गौतमी पुत्र शातकर्णी का उपाधि क्या था ?
3. चैत्य किसे कहते हैं?
4. हालराज से रचित कृति का नाम बताइए।
5. शातवाहन काल के प्रमुख निगम शहरों का नाम बताइए ।
6. श्रेणी किसे कहते हैं ?

III. समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए ।

1. शातवाहन के काल का व्यापार और शहरों के बारे में चर्चा कीजिए।

चर्चा करा

- शातवाहन के काल का आर्थिक अभिवृद्धि के कारण चर्चा करके उन अंशो को बताइए।


©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कदंब

कदंब वंश कन्नड का पहला राजघराना था। वे शातवाहनों के बाद वायव्य कर्नाटक में पाए गए। कदंब वंश का स्थापक मयूरवर्म था। दक्षिण कन्नड जिले का बनवासी कदंबों की राजधानी थी । इस वंश का लांछन सिंह था।




©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


Downloaded from https:// www.studiestoday.com

मयूर वर्म

ब्राह्मण मयूरवर्म अध्ययन के लिए जब कंची गया था तब पल्लव अधिकारी से उसका अपमान हुआ था। यह अपमान उससे सहा नहीं गया। इसलिए वह ब्राह्मणत्व छोडकर क्षत्रिय बनने चला। पहाडी लोगों का संघटन करके पल्लवों पर हमला किया। अंत में पल्लव राजा उसका राजत्व मानकर कर्नाटक के कुछ प्रदेश मयूरवर्म को दिया। मयूरवर्म ने चित्रदुर्ग के नजदीक चंद्रवल्ली के पास का तालाब को दुरुस्त करवाया।



चंद्रवल्ली तालाब



हल्मिडी शासन

©KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



तालगुंद का प्रणवेश्वर

मयूरवर्म के बाद आए राजाओं में काकुस्थवर्म प्रसिद्ध था। हल्मिडी शासन इसके काल का है। बताया जाता है कि हल्मिडी शासन कन्नड का पहला शासन है। यह भी बताया जाता है कि काकुस्थवर्म का विवाह उत्तर भारत का प्रसिद्ध गुप्त वंश की लडकी से हुई थी।

कदंबों की देन

धर्म : कदंब शैव थे। तालगुंद का प्रणवेश्वर और बनवासी का मधुकेश्वर लिंग कर्नाटक का प्राचीन शिवलिंग हैं। बौद्ध, और धर्मों का गौरव करके कदंब धर्म सहिस्णुता दिखाई।

साहित्य और शिक्षा: कदंब काल में प्राकृत, संकृत और कन्नड प्रचलित थे। कदंबों के ज्यादातर शासन संस्कृत में हैं। इनके काल में जनभाषा कन्नड था और वह साहित्यिक रुप ले रहा था। इस परिवर्तन को हल्मिडी शासन में देख सकते हैं। कदंबों के काल में अग्रहार और घटिकास्थान शिक्षा केंद्र थे। तालगुंद इनके काल का अग्रहार था और कंची प्रुसिद्ध घटिक स्थान था।

वास्तूशिल्प : हलसी का जैन बसदी, कादरोली (बेलगावी जिला) शंकरदेव मंदिर, बनवासी का मधुकेश्वर देवालय आदी इनके काल का वास्तुशिल्प रचनाएँ हैं।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मधुकेश्वर देवालय

नए पद

अग्रगार : ब्राह्मणों का आवास स्थल

घटिका स्थान : ये उच्च शिक्षा केंद्र । आज के विश्वविद्यालय के सामान थे।

I. खाली स्थानों को सूक्त शब्द से भर्ती किजिए।

1. कन्नड का पहला राज वंश .....
2. काकुस्थवर्म का विवाह उत्तर भारत का ..... वंश की लडकी से हुआ था।

II. नीचे के प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर दीजिए ।

1. कदंब वंश का स्थापक कौन था?
2. कदंब का राजधानी का नाम क्या था ?
3. कन्नड का पहला शासन कौन सा था?
4. कदंब काल के शिक्षा केंद्रों के नाम बताइए।

कार्य कलाप :

कर्नाटक के विश्वविद्यलय और वे कहाँ स्थित हैं? उनकी सूची बनाइए।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

गंग

वायव्य कर्नाटक में कदंब शासन करते वक्त दक्षिण कर्नाटक में गंग शासन कर रहे थे। कृषि मूल के गंग कर्नाटक में दीर्घ काल शासन किया। लगभग 650 वर्ष काल शासन किया । कोलार (कुवलालपुर) और तलकाडु(तलवनपुर) इनकी राजधानी थी। इस वंश का स्थापक कोंगाणिवर्म था। मदगज इनके लांछन था। गंगों में दुर्विनीत प्रसिद्ध राजा था।



गंगों का लांछन

दूर्विनीत

प्रायः डेढ हजार साल पहले शासन किया दुर्विनीत वीर और विद्वान् था। उसकी माँ जेष्ठादेवी पुन्नाट राजघराने की थी। उस वंश में पुत्र संतान न होने के कारण दुर्विनीत ही वारिस बना। पास-पडोस के शत्रुओं को हराकर गंग राज्य का विस्तार किया। सिंचाई के लिए सागर जैसे कई तालाब बनवाया।

संस्कृत और कन्नड दोनों भाषाओं में पारंगत दुर्विनीत संस्कृत कवि भारवी का 'किरातार्जुनीय' कृति का 15 वी सर्ग को भाष्य (विमर्शा) लिखा। गुणाढ्य का 'वड्डकथा' का संस्कृत में भाषांतर किया । कन्नड का गद्य लेखकों में दुर्विनीत भी एक है, ऐसे 'कविराज मार्ग' में श्रीविजय बताता है। 'कविराजमार्ग' कन्नड में पहला उपलब्ध ग्रंथ है।

दुर्विनीत के बाद आए श्री पुरुष, राचमल्ल आदी प्रमुख हैं। श्रीपुरुष भी दुर्विनीत की तरह कई तालाबों का निर्माण किया। उनमें कुणिगल् दोड्डकेरे प्रसिद्ध है। 'मूडल् कुणिगल् केरे नोडोरिगोंदैभोग मूडि बर्ताने चंदिराम'... प्रसिद्ध जानपद गीत इस तालाब को देखकर ही रचना किया गया है। श्रीपुरुष के बाद राचमल्ल आया। विश्वप्रसिद्ध गोम्मटेश्वर मूर्ति को राचमल्ल का प्रधानी चावुंडराय ने हासन जिले के श्रवणबेलगोल में निर्माण करवाया । अपने नाम से वहाँ एक बसदी को भी बनवाया ।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



कुणिगल तालाब

गंगों की देन

धर्म : गंग राजाओं ने जैन और वैदिक दोनों धर्मों को प्रोत्साहन दिया । कुछ राजा वैष्णव मत भी अपनाए थे। गंग राज्य में बौद्ध, कालामुख और लोकायुत पंथ भी थे ।

साहित्य : गंग राजाओं में कई विद्वान् थे । दूर्विनीत संस्कृत और कन्नड दोनों भाषाओं में विद्वान था। श्रीपुरुष ने 'गजशास्त्र' कृती की रचना किया है। गंगो का प्रधानी चावुंडराय ने चावुंडराय पुराण कृति की रचना कन्नड भाषा में किया है।

वास्तुशिल्प और मूर्तिशिल्प: वास्तुशिल्प और मूर्तिशिल्प को गंगो की देन अपार है। मण्णे का (नेलमंगल तालूक) कपिलेश्वर, तलकाडु का पातालेश्वर, कोलार का कोलाराम का मंदिर, श्रवणबेलगोल का 58 फुट ऊँचा एकशिला गोम्मटेश्वर की मूर्ति इनके मूर्तिशिल्प को दिया अनमोल देन हैं।

नए पद

1. **कालामुख :** यह एक उग्र शैवपंथ था । इस पंथ के लोग मुँह पर काला स्याही लगाते थे। इसलिए यह नाम आया होगा।
2. **लोकायुत :** इन्हे चार्वाक भी कहते थे । इस पंथ के लोग भौतवादी होने पर भी वास्तव जिन्दगी पर विश्वास रखते थे।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

I. रिक्त स्थानों को सूक्त शब्द से भरिए ।

1. दुर्विनीत की माँ जेष्ठादेवी ..... राजघराने की थी ।
2. श्रीपुरुष ने ..... कृति की रचना किया है।

II. नीचे दिए गए प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए ।

1. गंगों की राजधानी का नाम बताइए।
2. दुर्विनीत किन भाषाओं का विद्वान् था?
3. कुणिगल् तालाब का निर्माण किस राजा ने किया?
4. गोम्मटेश्वर की मूर्ति कहाँ है? उसका निर्माण किसने किया?

कार्यकलाप

- मूडल् कुणिगल्ल केरे जानपद गीत का संग्रह करके सुश्राव्य रुप से गाइए।
- तालाबों के उपयोगों की सूची बनाइए।
- समय के उपयोगों की सूची बनाइए।
- समय मिलने पर श्रवणबेलगोल जाकर, वहाँ की कला, वास्तुशिल्प देखकर अपने अनुभवों को प्रबंध रुप में लिखिए।

बादामी चालुक्य

कर्नाटक में बादामी चालुक्य अंदाजन दो शतमानों तक वैभव से राज्यभार किया। बागलकोट जिले का बादामी (वातापी) चालुक्यों की राजधानी थी। वराह चालुक्यों का लांछन था। इनमें इम्मडी पुलिकेशि प्रसिद्ध राजा था।

इम्मडी पुलिकेशि


बादामी चालुक्यों में इम्मडी पुलिकेशि पराक्रमी राजा था। उसका राज्य पर चाचा मंगलेश कब्जा कर रखा था। इसलिए युद्ध करके जन्मदत्त उसे ही मिलनेवाला राज्य को चाचा मंगलेश से छीनना पडा। बाद में राज्य विस्तार करने यात्रा आरंभ किया। कदंब और गंग पुलिकेशि के शरण में आए। सामंत राष्ट्रकूटों की दंगा को दमन किया । बाद में उत्तर का लाट, मालव, गुर्जर को हराके गुजरात तक आगे बढा। पूर्व में वेंगी, कलिंग, कोसल के राजा पुलिकेशि के शरण में आ गए। दक्षिण में कंची के पल्लवों को हराया। कावेरी नदी पार करके चोल, केरल और पांड्य को अपना लिया। पुलिकेशि उत्तर

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पथेश्वर हर्षवर्धन के साथ जो युद्ध किया वह अत्यंत महत्वपूर्ण है। नर्मदा नदी किनारे हुआ इस युद्ध में पुलिकेशि ने हर्षवर्धन को हरा दिया। इस जीत के फलस्वरूप पुलिकेशि को 'परमेश्वर' 'दक्षिणपथेश्वर' उपाधी मिले। इस तरह चारों ओर विजययात्रा पूर्ण करके पुलिकेशि का राज्य अरब्बी समुद्र से बंगाल उपसागर तक फैल गया।



©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पुलिकेशि की कीर्ति भारत के बाहर भी फैला था। वह पर्शिया देश का राजा खुस्रु के पास एक नियोग भेजा था। इसके बदले खुस्रु ने अपना राजदूत को पुलिकेशि के आस्थान भेजा था। बताया जाता है कि अजंता की पहली गुफा के एक वर्णचित्र में पुलिकेशि खस्रु के राजदूत का स्वागत कर रहा है।

वास्तुशिल्प और शिल्पकला को बादामी चालुक्यों की देन

बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु, महाकूट बादामी चालुक्यों के प्रमुख वास्तुशिल्प केन्द्र हैं। बादामी, ऐहोले में उनके काल के गुहालय हैं । ऐहोले के देवालयों में लाड्खान देवालय, दुर्ग (सूर्य) देवालय, मेगुति देवालय, हुच्चिमल्लि देवालय मुख्य हैं। ऐहोले को देवालयों के वास्तुशिल्प का पलना कहते हैं। बादामी के गुहालय के नटराज और विष्णु का उभारा शिल्प अद्भुत हैं।



बादामी का गुहालय

© KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

आप समझिए

ऐहोले के देवालयों में लड्खान् देवालय सबसे पुराना देवालय है। यह एक शिवालय है। कुछ साल पहले लाड्खान नाम का संत यहाँ रहने से यह नाम आया है। यहाँ का सूर्य देवालय को दुर्ग देवालय कहते हैं । यह देवालय किले के आवरण में रहने के कारण इसे दुर्ग देवालय कहते है। किला को दुर्ग भी कहते हैं।

पट्टदकल्लु के देवालयों में विरुपाक्ष देवालय सुंदर और बडा देवालय है। यहाँ का मल्लिकार्जन देवालय और एक प्रमुख देवालय है। बताया जाता है कि पट्टदकल्लु में चालुक्य राजाओं का राज्याभिषेक होता था। आज यह विश्व परंपरा स्थानों की सूची में है।



शेषनाग पर बैठा विष्णु बादामी गुहालय

© KSEEBSE Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



नटराज, बदामी गुहालय



विरुपाक्ष देवालय, पट्टदकल्लु

नए पद

विश्व परंपरा स्थान विश्व संस्था ने घोषणा किया है कि दुनिया के कुछ अपूर्व, अमूल्य स्थान विश्वपरंपरा के हैं। इन्हें विशेष संरक्षण दिया जाता है। कर्नाटक में हंपी और पट्टदकल्लु इस सूची में आते हैं।

I. नीचे दिए प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

1. चालुक्यों की राजधानी का नाम बताइए। वह किस जिले में है?
2. पुलिकेशि ने उत्तर भारत का किस राजा को हराया?
3. चालुक्यों का मुख्य वास्तुशिल्प केंद्रों के नाम बताइए।
4. देवालयों के वास्तुशिल्प का पलना किस स्थान को कहते हैं?

II. समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए।

1. 'इम्मडी पुलिकेशि के सैनिक बल' विवरण दीजिए।

III. नीचे के 'ए' और 'बी' सूची के विषयों को जोडकर लिखिए।

ए	बी
ऐहोले	विश्वपरंपरा स्थान
पट्टदकल्लु	चालुक्यों का लांछन
वराह	देवालयों के वास्तुशिल्प का पलना

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कार्य कलाप

- भारत के विश्वपरंपरा में शामिल स्थानों का चित्रों के साथ सूची बनाइए । संक्षिप्त विवरण दीजीए।
- चालुक्य देवालयों के चित्र संग्रह करके विवरणों के साथ एक आल्बम् बनाइए।

पल्लव

पल्लव राजवंश दक्षिण भारत का एक प्रसिद्ध राजवंश है। तमिलनाडु पल्लवों की राजधानी थी। वे प्रायः 300 सालों तक शासन किया। पल्लवों में नरसिंहवर्म श्रेष्ठ राजा था।

नरसिंह वर्म

नरसिंहवर्म को महामल्ल उपधि था। यह पराक्रमी था। चालुक्य राज्य पर हमला करके इम्मडी पुलिकेशी को हराकर बादामी जीत लिया। इस विजय का संकेत स्वरुप 'वातापिकोंड' उपाधि धारण किया। नरसिंहवर्म मामल्लपुर (आज का महाबलिपुर) रेवु नगर को सुंदर शहर के रुप में अभिवृद्धि किया।

शिल्पकला को पल्लवों की देन



©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



शिल्पकला को पल्लवों की देन अपार है। महाबलिपुरम् में नरसिंहवर्म के काल का 7 शिला रथ हैं। जगत् प्रसिद्ध इन्हें एक-एक शिला में उत्कीर्ण किया है। महाबलिपुर में गंगावतरण उभरा शिल्प है। इसमें भगीरथ तप करके गंगा को भूमी पर लाने का चित्र है। यह प्रसिद्ध उभरा चित्र है।

पल्लवों ने भारी बडे-बडे विशाल देवालयों का निर्माण किया । महाबलिपुर समुद्र किनारे पर निर्मित शिव देवालय में एक है। पल्लवों से निर्मित और दो प्रसिद्ध देवालय हैं - कंची का कैलासनाथ और वैकुंठ पेरुमाल् देवालय ।

नए पद

उभरा शिल्प : उभरकर ऊपर दिखता उत्कीर्ण शिल्प

I. नीचे के प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

1. पल्लवों की राजधानी का नाम बताइए।
2. कंची का प्रसिद्ध पल्लव राजा कौन है? उसका उपाधि क्या है?
3. पल्लवो के काल का प्रसिध्द शिलारथ कहाँ हैं ?
4. पल्लवों के काल का प्रसिद्ध देवालयों का नाम बताइए।

कार्यकलाप

1. पल्लवों का वास्तुशिल्प के चित्रों को माहिती के साथ संग्रह कीजिए।


© KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

चोल

चोल दक्षिण भारत का प्रबल शक्ति बनकर चार शताब्दी तक शासन किया। तंजावूर(तमिलनाडु) चोलों की राजधानी थी। चोल सम्राटों में राजराज चोल और राजेन्द्र चोल प्रमुख हैं।



©KIBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

चोल साम्राज्य : राजराज पराक्रमी और दक्ष शासन करनेवाला था। इसके विशाल साम्राज्य में तुंगभद्रा नदी के दक्षिण भाग के सभी प्रदेश श्रीलंका और मालदीव द्वीप थे। साम्राज्य की रक्षा के लिए प्रबल भूसेना और नौका सेना थे। बृहदीश्वर देवालय राजराज की देन है।

राजेन्द्र चोल: राजराज के बाद उसका बेटा राजेन्द्र चोल राजा बन गया। उत्तर भारत का यशस्वी विजय यात्रा उसके साधनाओं में एक है। उस विजय की याद में राजेन्द्र ने 'गंगैकोंड' उपाधि धारण किया । इसके अलावा 'गंगैकोंड चोलपुरम्' नाम की राजधानी और वहाँ एक बृहत् शिवदेवालय का निर्माण किया। राजधानी के पास सिंचाई के योग्य 'चोलगंगम्' नामक भारी तालाब बनवाया।

आग्नेय एशिया का सुमात्रा के श्रीविजय राज्य जीतना राजेन्द्र चोल का गणनीय साधना है।

साहित्य: चोलों के शासन काल तमिल साहित्य और संस्कृति का सुवर्णयुग था। उनके काल में साहित्य का भरपूर अभिवृद्धि हुई । 'पेरिय पुराणम्' का भक्ति साहित्य में प्रमुख स्थान है। इसी काल का कंबन् से लिखा गया 'कंबन् रामायण' आज भी जनप्रिय है।

ग्राम शासन : चोलों का ग्राम शासन पद्धति आदर्शपूर्ण था। ग्रामों का शासन हर ग्राम का ग्रामसभा ही करता था । ग्रामसभा के सदस्यों का चुनाव होता था। कुछ सदस्यों का समिति बनाकर, उन्हें निर्दिष्ट काम सौंपा जाता था। वित्तीय लेखा-जोखा सौंपना था। अनर्ह सदस्यों को ग्रामसभा से दूर रखा जाता था। चोल ग्राम शासन पद्धती आज के ग्रामपंचायत व्यवस्था जैसा था।

भारत में शासन किया अंग्रेज अधिकारी चोलों का दक्ष शासन से प्रसन्न होकर, चोल काल के ग्राम शासन के बारे में वर्णन किया कि - वे ग्राम छोटे गणराज्य जैसे थे।


वास्तुशिल्प और मूर्तिशिल्प

वास्तुशिल्प और मूर्तिशिल्प को चोलों की देन अपार है। कांसे से निर्मित नटराज और कालिंग मर्दन नृत्य शिल्प भारतीय मूर्तिशिल्प को उनकी अपूर्व देन है।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



नटराज



कालिया मर्दन नृत्य

चोलों के वास्तुशिल्प में तंजावूर का बृहदीश्वर मंदिर विश्व प्रसिद्ध है। इसका निर्माण होकर एक हजार साल ही बीत गए हैं। इस देवालय के गर्भगृह का गोपुर 200 फूट ऊँचा है। यह भारत में ही ऊँचा और बृहत् देवालय है। इसे विश्व परंपरा स्थान भी मिला है। इस देवालय के सामने का नंदी विग्रह दक्षिण भारत में ही सबसे बडा है। चोल काल का और एक बडा देवालय गंगैकोंड चोलपुरम् में है । वह शिव देवालय है।



बृहदेश्वर देवालय, तंजावूर

भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में रू 1000 का सहस्रवर्ष का 'बृहदीश्वर देवालय' नाम का सिक्का प्रचलन में लाया है।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

I. रिक्त स्थानों को सूक्त शब्द से भरिए ।

1. चोलों की राजधानी .....।
2. बृहदीश्वर देवालय का निर्माण करानेवाला .....

II. नीचे के प्रश्नों का एक ही वाक्य में उत्तर लिखिए।

1. चोल काल के प्रमुख साहित्य कृतियों के नाम बताइए ।
2. चोल काल के ग्रामशासन की विशेषताएँ बताइए।
3. भारतीय मूर्तिशिल्प को चोलों की क्या देन है?
4. बृहदीश्वर देवालय क्यों प्रसिद्ध हुआ है?

III. नीचे के प्रश्नों का समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए।

1. राजराज चोल के साधनाओं के बारे में बताइए ।
2. राजेन्द्र चोल के बारे में टिप्पणी कीजिए।

कार्यकलाप :

- चोल काल का ग्राम शासन और आज का पंचायत, दोनों के समान लक्षण बताइए।
- चोलकाल के मूर्तिशिल्प देखकर मिट्टी (क्ले) से प्रतिरुप बनाइए।

राष्ट्रकूट

चालुक्यों के साम्राज्य का अंत होकर, राष्ट्रकूटों का शासन प्रारंभ हुआ । राष्ट्रकूट नाम से ही याद आती हैं कविराज मार्ग, आदिकवि पंप और एल्लोरा का कैलास देवालय।

कविराज मार्ग: यह कन्नड का सबसे पहला उपलब्ध ग्रंथ है। इसे हम (गंगों का दुर्विनीत के बारे में पढते वक्त) जान गए हैं। इस अपूर्व लक्षण ग्रंथ की रचना राष्ट्रकूट के अमोघवर्ष नृपतुंग के काल में (प्रायः 1200 साल पहले) हुई। इसकी रचनाकार श्रीविजय है। आज तक मिले कन्नड ग्रंथों में यह अत्यंत प्राचीन है।

भाषा, शैली, छंदस् आदि के विवरण देनेवाला ग्रंथ को लक्षण ग्रंथ कहते हैं।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पंप : कन्नड का श्रेष्ठ कवी पंप है। इसने कन्नड का सबसे पहला काव्य रचना की। इसलिए पंप को कन्नड का आदिकवि कहते हैं। पंप से पहले रचित कन्नड काव्य आज तक नहीं मिले हैं । पंप राष्ट्रकूट का मांडलीक वेमुलवाड का अरिकेसरी के राज्यसभा में था। 'आदिपुराण' और 'विक्रमार्जुन विजय' पंप के श्रेष्ठ काव्य हैं। महाभारत कथा निरूपण करनेवाला ''विक्रमार्जुन विजय को'' 'पंपभारत' भी कहते हैं। कन्नड के प्रमुख कवियों पर पंप का प्रभाव अपार है। इसी काल के और एक कवी पोन्न है।



कैलास देवालय, एल्लोरा

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



महेश मूर्ति, एलिफंटा, इसे त्रिमूर्ति भी कहते हैं।

एल्लोर और एलिफंटा : एल्लोरा का कैलास देवालय सौ फूट का चट्टान काटकर किया एक शिला मंदिर है। इस निर्माण का श्रेय और कीर्ति राष्ट्रकूट राजा पहला कृष्ण को मिलता है। दुनिया में इस तरह का वास्तुशिल्प और कहीं भी नहीं मिलता। यहाँ का मूर्तिशिल्प वैभव नयन मनोहर है। एलिफंटा के मूर्तिशिल्पों में रावण कैलास पर्वत उठाने का कथा प्रसंग अद्‌भुत है।

राष्ट्रकूट साम्राज्य में आज महाराष्ट्र में रहे बहुत भाग थे ।
एल्लोर और एलिफंटा महाराष्ट्र में हैं।


राष्ट्रकूटों का मूर्तिशिल्प कलावैभव को हम एलिफंटा गुहालयों में देख सकते हैं। एलिफंटा मुंबई बंदरगाह के पास का एक छोटा सा द्वीप है। यहाँ का भारी आकार का तीन मुखोंवाला महेशमूर्ति विस्मयकारी है।

प्रसिद्ध राजे : राष्ट्रकूटों में पहला प्रसिद्ध राजा ध्रुव था। उत्तर भारत पर पहली बार यशस्वी विजययात्रा किया । उसका बेटा ही तीसरा गोविन्द ।

©KBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

राष्ट्रकूट नृपतुंग के काल का साम्राज्य

तीसरा गोविंद राष्ट्रकूट सम्राटों में प्रमुख है। यह दक्षिण भारत पर प्रभुत्व पाया । बाद में हिमालय का घास प्रदेश तक सैनिक कार्याचरण किया । इस महत् साधना को उसका शासन में 'गोविंद के मद-मस्त हाथी गंगा नदी का पावन जल पिया' इस तरह मनोहर रुप से वर्णन किया है।

अमोघवर्ष नृपतुंग

नृपतुंग तीसरे गोविन्द का पुत्र था। जब वह सोलह साल का था, तब उसका राज्याभिषेक हुआ। वह 60 साल से भी ज्यादा समय शासन किया। खुद विद्वान् था। श्रीविजय उसके राजसभा का विद्वान् था।

नृपतुंग को अपने प्रजा का क्षेम ही प्यारा विषय था। वह मान्यखेड शहर (आज का मलखेड, गुल्बर्गा जिला) बनवाया। वह राष्ट्रकूटों की राजधानी बनी। अरब प्रवासी सुलैमान ने नर्णन किया है कि उस काल का विश्व के चार विशाल साम्राज्यों में राष्ट्रकूट साम्राज्य एक था (बाकी विशाल साम्राज्य - रोमन्, अरब और चीनी साम्राज्य)

तीसरा कृष्ण

तीसरा कृष्ण के काल में राष्ट्रकूट साम्राज्य फिर से भारत के राजकीय में अग्रस्थान पाया। कृष्ण ने चोलों का पराजय करके, रामेश्वर तक अपना जयध्वज फहराया। विजय की याद में वहाँ विजयस्तंभ और देवालय का स्थापना किया। यह पांड्य, चेरों को हराया, इतना ही नहीं सिलोन का राजा से कप्प संग्रह किया। इसके अलावा तीसरा गोविन्द की तरह उत्तर भारत में भी यशस्वी विजययात्रा किया। कवि पोन्न कृष्ण के आश्रय में था। तीसरा कृष्ण के बाद राष्ट्रकूट राज्य की अवनति होने लगा।

धर्म : राष्ट्रकूट वैदिक थे, शैव और वैष्णव दोनों मतों का अनुसरण करते थे। राष्ट्रकूट राजाओं ने कन्हेरि में बौद्ध धर्म को दान दिया माहिती शासन द्वारा मिलता है। जैन धर्म राष्ट्रकूट के काल में जनप्रिय था। अमोघवर्ष ने जैन धर्म को प्रोत्साहित किया। राष्ट्रकूट के काल में अरब व्यापार की वृद्धि होने के कारण इस्लाम धर्म समुद्र तटीय प्रदेश में जनप्रिय था। मुस्लिम अधिकारियों को राष्ट्रकूट राजसभा में नियुक्त किया था। कुलमिलाकर राष्ट्रकूट के काल में धर्म समन्वय और धर्म सहिष्णुता घर कर लिया था।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

I. रिक्त स्थानों को सूक्त शब्द से भरिए।

1. कन्नड का सबसे पहला उपलब्ध ग्रंथ ..... ।
2. कन्नड का आदिकवी ..... ।
3. एल्लोरा का ..... देवालय एक शिला से निर्मित है ।

II. नीचे दिए प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

1. राष्ट्रकूटों के काल का प्रमुख कवी कौन हैं?
2. राष्ट्रकूटों के प्रमुख वास्तुशिल्प केन्द्रों का नाम बताइए।
3. पंप के कृति का नाम बताइए ।
4. राष्ट्रकूट वंश के प्रसिद्ध राजाओं की सूची बनाइए।
5. राष्ट्रकूट साम्राज्य के प्रति सुलैमान के क्या विचार है?

III. समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए ।

1. अमोघवर्ष के बारे में टिप्पणी कीजिए ।
2. तीसरा कृष्ण के सैनिक साधना के बारे में लिखिए।

कार्य कलाप

1. श्रीविजय, पंप, पोन्न इनके बारे में लिखित छोटे पुस्तक पढिए।
2. राष्ट्रकूट काल का कला और वास्तुशिल्प के चित्र संग्रह करके, विवरणों के साथ एक आल्बम् बनाइए।

कल्याण चालुक्य

राष्ट्रकूट के बाद चालुक्य वंश के राजा बीदर जिले के बसव कल्याण को राजधानी बनाकर, फिर एक बार अधिकार में आए। इसलिए इन्हें कल्याण चालुक्य कहते हैं। इम्मडी तैल इस वंश का पहला राजा था। छठा विक्रमादित्य कल्याण चालुक्यों में प्रसिद्ध राजा है।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

छठा विक्रमादित्य

छठा विक्रमादित्य का सुदीर्घ शासन काल में चालुक्य राज्य की अभिवृद्धि हुई । वह अपना अधिकार पाने की याद में चालुक्य विक्रम शक आरंभ किया। विक्रमादित्य ने कई विद्वानों को आश्रय दिया था। इस कृति में विक्रमादित्य का जीवन चरित्र है। विज्ञानेश्वर उसके राजसभा का और एक विद्वान् था। इसका ग्रंथ का नाम है 'मिताक्षर संहिता'। इसे हिन्दू कानून पद्धति का प्रमाण ग्रंथ मानते हैं।

तीसरा सोमेश्वर : विक्रमादित्य के बाद उसका तीसरा पुत्र सोमेश्वर को अधिकार मिला। सोमेश्वर का प्यार साहित्य और कला की ओर था। वह 'मानसोल्लास' नाम का प्रसिद्ध संस्कृत विश्वकोश की रचना की। इसमें सर्व शात्रों के बारे में लिखा है। सोमेश्वर महान् विद्वान् था। वह 'सर्वज्ञ चक्रवर्ती' नाम से ही प्रख्यात था। लेकिन उसके काल में राज्य विस्तार नहीं हुआ।

साहित्य : कल्याण चालुक्यों के काल में कन्नड को अपार प्रोत्साहन मिला ।

कवि चक्रवर्ती नाम से प्रख्यात रन्न ने 'साहस भीम विजय' अथवा 'गदायुद्ध' नामक वीर काव्य की रचना किया। पंप, पोन्न और रन्न को 'कन्नड साहित्य के रत्नत्रय' कहते हैं।

वचन साहित्य कल्याण चालुक्य काल की देन है। वचनकार कन्नड में वचनों को लिखा ।

जेडर दासिमय्य, बसवण्ण, अल्लमप्रभु, अक्कमहादेवी, चन्नबसवण्ण, सिद्धराम, मडिवाल माचय्य, सूले संकव्वे आदी इस काल के प्रमुख वचनकार थे।

वास्तुशिल्प : लक्कुंडि, इटगि, बंदलिके, बल्लिगावे आदी कल्याण चालुक्य के वास्तुशिल्प केन्द्र थे। वे ललितकला केन्द्र भी थे। कोप्पल जिले के इटगि महादेव देवालय इस काल का अत्युत्तम वास्तुशिल्प है। वहाँ के एक शासन में इसे 'देवालयों का चक्रवर्ती' बताया है। कल्याण चालुक्यों का वास्तुशिल्प का प्रभाव होय्सल वास्तुशिल्प पर हुआ।

नया पद

विश्वकोश-लोकज्ञान का सभी विषयों को व्यवस्थित रुप से बतानेवाला ग्रंथ को 'विश्वकोश' कहते है। अंग्रेजी में इसको 'एन्सैक्लोपीडिया' कहते हैं।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



महादेव देवालय इटगी

I. खाली जगहों को उचित शब्द से भरिए ।

1. चालुक्य विक्रम शक आरंभ करनेवाला राजा ..... ।
2. कविचक्रवर्ती नाम से प्रसिद्ध कवि ..... ।
3. मिताक्षर संहिता का रचनाकार ..... ।

II. नीचे के प्रश्नों का एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

1. कल्याण चालुक्यों में प्रसिद्ध राजा कौन था?
2. छठा विक्रमादित्य के दरबार में रहे विद्वानों के नाम बताइए।
3. राजा मुम्मडी सोमेश्वर की कृति का नाम क्या है? उसकी विशेषताएँ क्या हैं?
4. कन्नड साहित्य के रत्नत्रयों का नाम बताइए।
5. 'देवालयों का चक्रवर्ती' किस देवालय को कहते हैं? और यह कहाँ है?

कार्य कलाप

- आपके शाला ग्रंथालय से शिवराम कारंत का 'बाल प्रपंच' अथवा 'किरियर विश्वकोश' पढिए।


©KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

होय्सल

होय्सल दक्षिण कर्नाटक और तमिलनाडु का भौगोलिक प्रदेश मिलाके पूरा विशाल प्रदेश पर तीन शतमान से ज्यादा वैभवपूर्ण शासन किया। प्रारंभ में बेलूरु, बाद में देवसमुद्र उनकी राजधानी थी। देवसमुद्र ही आज का हलेबीडु है। इस वंश का स्थापक सल था । बाघ को मारने का सल का चित्र ही होय्सलों का लांछन था। होय्सलों में विष्णुवर्धन और तीसरा बल्लाल प्रसिद्ध राजा थे।



होय्सल विष्णुवर्धन का राज्य

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

विष्णुवर्धन

विष्णुवर्धन ने चोल और पांड्य को हराकर , उनके वश के कन्नड प्रदेशों को जीत लिया। वह जैनमतीय था। बाद में श्रीवैष्णव पंथ को स्वीकार किया। उसकी रानी शांतला जैन पंथ में ही थी। वह 'नाट्य सरस्वती' नाम से प्रसिद्ध हुई। धर्म सहिष्णु विष्णुवर्धन ने शैव और जैन मतों को उदार प्रोत्साहन दिया।

तीसरा बल्लाल : तीसरा बल्लाल होय्सल वंश का अंतिम प्रमुख राजा था। वह सुदीर्घ पचास साल तक शासन किया। उसके काल में दिल्ली के सुल्तान बार-बार दक्षिण राज्यों पर हमला करते थे। वहाँ की संपत्ती लूट लिया। हमलों के परिणाम स्वरुप होय्सल वंश के साथ दक्षिण भारत के प्रमुख राजवंश नाश हो गये। इस घोरविपत्ती का सामना तीसरा बल्लाल को अकेला ही करना पडा। इस बीच दिल्ली का प्रतिनिधि बनकर आए सुल्तान का हिंसाचार बढा। बूढा होने पर भी बल्लाल ने उसके साथ युद्ध किया। युद्ध में बल्लाल सुल्तान से मारा गया। बाद में अधिकार पर आया चौथा बल्लाल का भी अल्पकाल में मृत्यु हो गई। इस तरह होय्सल वंश का अंत आज से 670 साल पहले हुआ।

वास्तु शिल्प और मूर्ति शिल्प : वास्तुशिल्प और मूर्तिशिल्प क्षेत्र को होय्सलों की देन अनुपम है। सूक्ष्म बारीकी अलंकारिता के अनेक देवालय होय्सल काल में निर्मित हुए । इन देवालयों का सामान्य ये लक्षण हैं।

- ये देवालय नक्षत्राकार के चबूतरे पर खडिया के मृदु पत्थरों से निर्मित हैं।
- देवालय के अंदर नवरंग के खंभ अत्यंत मुलायम हैं।
- बाहर के दीवारों पर पुराण और महाकाव्यों के कथा निरूपण किया शिल्प हैं।

होय्सल देवालयों में हलेबीडु का होय्सलेश्वर, बेलूर का चन्नकेशव, सोमनाथपुर का केशव देवालय प्रमुख हैं।


©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



मदनिके शिल्प



होय्सलों का लांछन




होय्सलेश्वर देवालय, हलेबीडु

विष्णुवर्धन ने चोलों पर विजय पाने की लक्ष्य में बेलूर का चित्ताकर्षक चन्नकेशव देवालय का निर्माण करवाया। इसके निर्माण में बल्लीगावे का दासोज, गदग का नागोज प्रमुख हैं। वहाँ का सालभंजिके अथवा मदनिके शिल्प अत्याकर्षक हैं। सोमनाथपुर का केशव देवालय भी उतना ही आकर्षक है। राष्ट्रकवि कुवेंपु इसे देखकर ''बागिलोलु कै मुगिदु वलगे बा यात्रिकने, शिलेयल्लवी गुडियु कलेय बलेयु'' कहकर प्रशंसा किया है।

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



भुवनेश्वरी बेलूर

साहित्य : जन्न, हरिहर और राघवांक आदी इस काल के श्रेष्ठ कवि थे। जन्न ने 'यशोधर चरित' हरिहर ने 'गिरिजा कल्याण' और राघवांक ने 'हरिश्चंद्र काव्य' कृति की रचना की। हरिहर ने 'रगले' नाम का नया काव्य शैली का आरंभ किया । शुद्ध कन्नड में 'कब्बिगर कावम्' कृति की रचना आंडय्य कवि ने किया ।

नए पद

सालबंजीके : मदनिके - खंभों के ऊपर जोडा गया अलंकारिक स्त्री विग्रह।

रगले- एक प्रकार का काव्य शैली ।

Not to be Republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

I. नीचे के पश्नों का एक वाक्य में उत्तर दीजिए।

1. होय्सल राजधानी के नाम बताइए ।
2. होय्सल वंश के प्रसिद्ध राजाओं के नाम बताइए।
3. विष्णुवर्धन की रानी कौन थी? उसे कौन सा नाम मिला था?
4. दिल्ली सुल्तानों के हमले होते वक्त कौन सा होय्सल राजा था?
5. होय्सल काल के श्रेष्ठ कवियों के नाम बताइए।
6. होय्सल काल के प्रमुख देवालयों का नाम बताइए।
7. बेलूर चन्नकेशव देवालय के शिल्पों का नाम बताइए।

II. समूह में चर्चा करके उत्तर दीजिए।

1. तीसरा बल्लाल के बारे में टिप्पणी कीजिए।
2. होय्सल देवालय के सामान्य लक्षण बताइए।

III. नीचे के 'ए' और 'बी' सूची के विषयों को जोडकर लिखिए।

ए	बी
सल	हलेबीडु
शांतला	कब्बिगर कावं
बेलूरु	होय्सल वंश का स्थापक
आंडय्य	नाट्य सरस्वती
दोर समुद्र	चन्नकेशव देवालय

कार्य कलाप

होय्सल काल के देवालयों का चित्र संग्रह करके विवरण दीजिए ।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

पाठ 3	कोडगु, कित्तूरू, तुलुनाडु तथा हैदराबाद-कर्नाटक

पाठ का परिचय

कर्नाटक का प्रशासन किये राज्य साम्राज्यों के श्रीमंत इतिहास की जानकारी जितनी मुख्य है उतनी ही मुख्य छोटे छोटे प्रदेशों के इतिहास की जानकारी।

क्योंकि प्रादेशिक इतिहास तत्वपूर्ण होते हुए, वह कर्नाटक का संपूर्ण इतिहास जानने के लिए सहायक है। इस दृष्टि से, कोडगु, कित्तूर, तमिलनाडु तथा हैदराबाद-कर्नाटक के चरित्र का इस पाठ में निरूपण किया गया है।

सामर्थ्य

1 कोडगु के चरित्र का परिचय प्राप्त कर लेना ।


2 अंग्रेजों के विरुद्ध कित्तूर रानी चेन्नम्मा तथा उसके अनुयायी संगोळ्ळी रायण्णा ने चलाये वीर संग्राम का परिचय प्राप्त कर लेना।

3 तमिलनाडु का इतिहास, संस्कृति तथा देन को समझना ।

4 हैदराबाद-कर्नाटक प्रदेश में अंग्रेजों के अधीन राजा, निजाम तथा स्थानीय जमीनदारों के विरुद्ध संग्राम को जानना ।

कोडगु

पश्चिम घाटी की तराई में रहा जिला ही कोडगु है, यहाँ के लोग कोडव भाषा बोलते हैं।.



तलकावेरी


©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कर्नाटक जनता की कावेरी जीव नदी है। तलकावेरी कावेरी का उगमस्थान है। लाखों लोग तलकावेरी की आराधना करते हैं। कोडगु अरण्य सम्पत्ति से भरा है, नागरहोले में राष्ट्रीय उद्यान है।

हालेरी राजघराना: कोडगु का प्रशासन किया मुख्य राजघराना ही हालेरी राजघराना है। 17वीं सदी के आरंभ में इसकी स्थापना वीरराज ने की। आगे चलकर मुद्दुराजा ने मडिकेरी शहर का निर्माण कर उसे अपनी राजधानी बनाया। मुद्दुराजाकेरी ही मडिकेरी हुआ है।



किला, मडिकेरी

कोडगु का 18वी सदी के उत्तरार्ध में हैदरअली तथा टिप्पुसुल्तान ने प्रशासन किया। उस समय कोडगु का राजा वीरराजा बंधित हुआ था। उसके हाथ से बचकर वीरराजा अंग्रेजों की सहायता से कोडगु को अपने वश में लिया। टिप्पु के मरणोपरांत अंग्रेज तथा कोडगु के राजा मित्रता से रहे।.

कोडगू तथा अंग्रेज : प्रभावशाली रहे अंग्रेज कोडगू को अपने वश में लिये (1834)। कोडगू का अंतिम राजा चिक्कवीरराजेंद्र को अपनी सीमा से भगाकर स्वयं ही प्रशासन चलाने लगे। कोडगु का विभाजन कर, कोडगु का भाग अमरसुल्या को केनरा जिले में विलीन किया।


© BSE Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

अमरसुल्या संग्राम : केनरा जिले में किसानों पर कर अधिक होने से वहाँ के किसान अंग्रेजों के विरुद्ध सशस्त्र संग्राम किया। उन्होंने अंग्रेजों को कोडगु से भगाने का संकल्प किया था। इस संग्राम को 1837 का अमरसुल्या संग्राम कहते हैं। संग्राम कारों ने सुल्या, पुत्तूरु, कासरगोडू तथा मंगलूरू को तेरह दिनों तक अपने वश में लिया था। लेकिन अंग्रेज इस संग्राम का चकनाचूर किया। कई संग्रामकारों को उन्होंने फाँसी शिक्षा दी।

संग्राम के प्रमुख नायक पुट्टबसप्पा, कल्याणस्वामी तथा गुड्डेमने अप्पय्या थे।.



गुड्डेमने अप्पय्या गौडा के कांस्य की मूर्ति,मडिकेरी

कोडगु में स्वातंत्र्य संग्राम: स्वातंत्र्य संग्राम में कोडगू के स्वातंत्र्य प्रेमी सक्रियता से भाग लिये थे। स्वतंत्रता के पश्चात् कोडगु कुछ समय तक अलग राज्य बनकर रहा। 1956 में कोडगु कर्नाटक में विलीन हुआ।

©KTPS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कोडगु के दो आँखों के तारे : कोडगु का नाम जगद्‌विख्यात करने वालों में जनरल कोडंदेर कार्यप्पा हैं। वे भारत के प्रथम भारतीय जनरल हुए थे। स्वतंत्र भारत की थलसेना, नौसेना तथा वायुसेना के प्रथम अधिपति बने थे। अपने प्रशासन, साहस तथा शूरता के लिए प्रख्यात हुए कार्यप्पाजी को 'फील्ड मार्षल' नाम की अत्युन्नत उपाधि दी गई है।



फील्ड मार्षल कार्यप्पा



जनरल तिम्मय्या

और एक महान देशभक्त कोडगु के जनरल कोडंदेर तिम्मय्या हैं। वे भारत तथा पाकिस्तान के युद्ध के संदर्भ में भारत की जीत के कारणीभूत रहे। ये दोनों वीर कोडगु की आँखों के तारों के नाम से प्रसिद्ध हुए। सैन्य शक्ति के साथ-साथ पहचाने गये कोडगु खेल, साहस, लोककला तथा प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है।

समूह में चर्चा करके उत्तर दो

1. कावेरी नदी के उगमस्थान को क्या कहते हैं?
2. कोडगू का प्रशासन किये प्रमुख राजघराने का नाम क्या था?
3. अमरसुल्या का संग्राम क्यों हुआ ?

क्रियाकलाप

फील्ड मार्षल कार्यप्पा तथा जनरल तिम्मय्या के जीवन सम्बन्धी जानकारी संग्रह कीजिए ।

© KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कित्तूर

बेलगाँव जिले का कित्तूर लगभग दो सदियों के पहले प्रभावशाली राज्य था। व्यापार तथा व्यवसायों के लिए प्रसिद्ध था।



वीरमहिला कित्तूर चेन्नम्मा की कांस्य की मूर्ति

रानी चेन्नम्मा : वीर महिला कित्तूर की रानी चेन्नम्मा राजा मल्लसर्ज की छोटी पत्नी थी। मल्लसर्ज और उसका उत्तराधिकारी बेटे का भी देहांत हुआ। चेन्नम्मा ने शिवलिंगसर्ज को दत्तक लेकर राज्य का शासन चलना आरंभ किया। धारवाड के कलक्टर थॅकरे दत्तक स्वीकार करना उचित नहीं है इस तरह झूठा बहाना बनाया। कित्तूर का शासन अंग्रेज सरकार ही निभाने के लिए सिफारिश किया। इस विचार को जानकर चेन्नम्मा क्रोधित होकर आगबबूला हुई। अंग्रेजों की दमन नीति का विरोध कर राज्य में स्वतंत्रता के लिए संग्राम छेड़ने का निर्णय किया। थॅकरे 500 सैनिकों के साथ कित्तूर पर आक्रमण किया। घनघोर युद्ध हुआ।

©KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

चेन्नम्मा ने अपने सैनिकों के साथ अंग्रेजों के विरुद्ध पराक्रम के साथ युद्ध किया। अंग्रेज सेना वहाँ से भाग निकली। थॅकरे को गोली लगने से वही देर हुआ।

फिर से अंग्रेज सेना ने कित्तूर पर आक्रमण किया। कित्तूर की सेना छोटी थी। केवल छः हजार सैनिक थे । अंग्रेज की सेना बहुत बड़ी थी। यह युद्ध तीन दिनों तक चला। चेन्नम्मा की ओर रहनेवाले ही उसे धोखा दिये। इससे कित्तूर की सेना पराजित हुई। चेन्नम्मा बंदी बनाई गई। उसे अंग्रेज बैलहोंगल के कारागृह में रखा गया। पाँच वर्ष तक कारागृह में रहकर रानी स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करनेवाले वीरों को संदेश भेजकर जोश भरती थी।

अंग्रेज सत्ता का विरोध की हुई प्रथम भारतीय महिला की कीर्ति चेन्नम्मा को मिलती है।

वह स्वतंत्रता संग्राम की ध्रुवतारा बनकर चमकती है। उसके स्मरणार्थ आज भी लोकगीत (लावणी) गाए जाते हैं।

संगोल्ली रायण्णा: संगोल्लिरायण्णा चेन्नम्मा का निष्ठावान सेवक था। सामान्य जनता के बीच इस योद्धा का उगम हुआ। चेन्नम्मा को बंदी बनाने के बाद कित्तूर का नेतृत्व लेकर सैन्य संगठन किया। अंग्रेजों के दफ्तर जलाकर खजाना लूटा था। गोरिल्ला युद्ध में निष्णात रायण्णा अंग्रेजों के लिए सिंह स्वप्न बना था। सीधे युद्ध में उसे पराजित करना असाध्य रहने से अंग्रेज कुटिलोपाय किया।

पैसों के लालच में आकर देशद्रोही रायण्णा को धोखे से बंदी बनाकर अंग्रेजों को सौंप दिया। उसे तथा उसके छः साथियों को भी फाँसी दी गई। अंत्यदर्शन लेने आई माता केंचव्वा के चरणों में गिरकर वरदान माँगते हँसते-हँसते रायण्णा फाँसी पर चढा। सभी साथियों की नंदगढ में समाधि बनाई गई। रायण्णा के अनुयायियों ने क्रांति जारी रखी।



संगोल्लि रायण्णा

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

रायण्णा की समाधि पर वट के पौधे को उसका अनुयायी बिच्चुगत्ति चेन्नबसप्पा ने लगाया। कहा जाता है चेन्नबसप्पा वैराग्य लेकर वहीं निवास किया था। वह वटवृक्ष आज भी है। रायण्णा के बाद अनेक वीर युवक की क्रांति को जारी रख कर कित्तूर की जनता का स्वातंत्र्य प्रेम दिखाये ।

काल गणना (ई. स.)

कित्तूर चेन्नम्मा	-	1824
संगोल्लि रायण्णा	-	1829

उत्तर दो

1. कित्तूर रानी चेन्नम्मा अंग्रेजों के विरुद्ध क्यों भड़क उठी?
2. संगोल्लिरायण्णा कौन था? उसका अंत्य कैसे हुआ ?

क्रियाकलाप

कित्तूर चेन्नम्मा से संबंधित लोकगीतों (लावणी) का संग्रह करो ।

तुलुनाडु

प्राचीन काल में कर्नाटक के तटवर्ती का एक भाग (अधिकांश आज के दक्षिण तथा उडुपि जिले) तुलुनाडु से जाना जाता है। पुराण साहित्य में यह क्षेत्र परशुराम का क्षेत्र कहलाया। यहाँ के अधिकांश लोगों की भाषा तुलु है। कोंकणी ब्यारी भाषा का प्रयोग करनेवाले अधिकांश लोग भी तुलुनाडू में हैं।

इतिहास काल में तुलुनाडु का कदंब, आलुप, होयसल, विजयनगर राजघराने शासन करते आये। तुलुनाडु में आलुप वंश के राजा दीर्घ समय तक शासन किये। उद्यावर (उदयपुर), मंगलूरू (मंगलपुर), वारकूरु अनेक तुलु राज्य की राजधानियाँ बनी थीं।

चौट राजघराने की अब्बक्का रानी (16वीं शताब्दी) पुर्तगलियों के विरुद्ध संघर्षकर उन्हें हराई थी ।

मतधर्म : तुलुनाडु के राजाओं में अधिकांश जैन थे। यहाँ बौद्ध, जैन, वीरशैव, नाथ, इस्लाम, इस तरह अनेक मतवाले निवास किये हैं। नागाराधना, भूताराधना, ये तुलुनाडु के दो आराधना पंथ है।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

द्वैत मतस्थापक मध्वाचार्य तुलुनाडु के हैं। मंगलूरु के कद्रि में हरे मंजुनाथ का मंदिर तुलुनाडु का प्राचीन मंदिर हैं।

- तुलुनाडु में ईसाई शिक्षा संस्थाओं की स्थापना कर शिक्षा क्षेत्र को अमूल्य देन दी है। उन्होंने ही मंगलूरु में मुद्रणालय की स्थापना की है। फर्डिनांड किरेल से रचा हुआ कन्नड शब्दकोश बासेल मिशन मुद्रणालय में मुद्रित हुआ। तुलु शब्दकोश की रचना जर्मन से आये मेन्नर ने की। आरंभ में तुलुनाडु में ईसाई धर्म का प्रचार विदेशी पाद्रियों ने की। आगे चलकर यह कार्य देशियों ने आगे बढ़ाया। कई सुंदर गिरिजाघर यहाँ है।
- प्राचीन काल से ही अरब देश के साथ तुलुनाडु व्यापार संबंध बनाया रखा था। परिणामस्वरूप यहाँ इस्लाम धर्म प्रचुरता में आया। मुसलमानों में प्रार्थना के लिए जगह जगह मस्जिदों का निर्माण किया।

वास्तुशिल्प: कद्रि मंजुनाथ मंदिर में सुंदर अवलोकितेश्वर की बड़ी कांस्य शिल्प है। यह एक हजार वर्ष प्राचीन है। मूडबिदरे का हजार खंभों की बसदी, कार्कल, वेणूरु, धर्मस्थल में रही गोम्मटमूर्ति जैन संस्कृति के संकेत हैं।



अवलोकितेश्वर कांस्य शिल्प, मंगलूरु

©KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

यहाँ प्रसिद्ध दैव कोटि चन्नय्या के गरोडियाँ दिखाई देते हैं।



हजार खंभों की बसदी, मुडबिदरे

लोककला : कंबुल (कंबल), कोलिअंक, चेन्ने आदि तुलुनाडु के कुछ लोककला के खेल हैं। यक्षगान, तालमद्दले यहाँ की प्राचीन प्रसिद्ध कलाएँ हैं।



अंग्रेज प्रशासन: 19वीं सदी के आरंभ से कर्नाटक तटवर्ती प्रदेश में अंग्रजों ने प्रशासन चलाया। उस समय इस तटवर्ती प्रदेश को 'केनरा' जिला कहते थे। आगे चलकर केनरा जिले को दो भागों में विभाजित किया गया। वे उत्तर के 'उत्तर कन्नड' (नार्त केनरा) दक्षिण भाग के 'दक्षिण कन्नड' (सौथ केनरा) जिले हैं।


स्वातंत्र्य संग्राम : तुलुनाडु के स्वातंत्र्य संग्राम में कार्नाडू सदाशिवराव तथा अत्तावर यल्लप्पा अग्रगण्य हैं।

©KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


- देशभक्त के प्रख्यात कार्नाडू सदाशिवरावजी किये हुए हरिजनों की सेवा अविस्मरणीय है। दलित वर्ग के अनेक बच्चों को अपने घर में ही भोजन कराते थे । देश के लिए सर्वस्व त्याग किये उज्वल तारा थे।
- अत्तावर यल्लप्पा नेताजी सुभाषचंद्र बोस जी स्थापित किये 'आजाद हिन्द सरकार' की मंत्रिमंडल में सचिव बने थे। नेताजी के आज़ाद हिन्द फ़ौज में पंद्रह वर्षों तक वे सेनाधिकारी बने थे।
- अस्पृश्यता के विरुद्ध संग्राम, दलित बालिकाओं के लिए शिक्षा तथा अनेक दलितोद्धारक कार्य करनेवालों में कुद्मुल रंगराव अग्रगण्य थे। महात्मा गाँधी मंगलूरु आये थे तब इनके कार्यों को देखकर खुश हुए।



कार्नाड सदाशिवराव



अत्तावर यल्लप्पा



कुद्मुल रंगराव

बैंकिंग क्षेत्र में तुलुनाडु प्रसिद्ध है। केनरा, कार्पोरेशन, सिंडिकेट, कर्नाटक तथा विजया बैंक स्वातंत्र्यपूर्व ही यहाँ स्थापित हुए। देशभर में फैले ये प्रसिद्ध बैंक हजारों शाखाएँ भारत की अर्थव्यवस्था को विशेष देन दी है। इनसे लाखों लोगों को रोजगार भी प्राप्त हुआ है।

1956 में उत्तर तथा दक्षिण कन्नड जिले कर्नाटक से जुडे। (इसके पहले दक्षिण कन्नड जिले मद्रास अधिपत्य से मिले थे) । दक्षिण कन्नड जिले का विभाजन होकर उडुपि जिला बना (1997)।

© KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

नये शब्द

गरोडि - आराधना केंद्र

काल गणना (ई. स.)

अलुपों का प्रशासन काल - 7 - 14वी सदी

अंग्रेजों का प्रशासन - 1801 - 1947

उत्तर दो.

1. तुलुनाडु में अधिक समय तक शासन किया राजघराना कौन सा है?
2. उल्लाल की अब्बक्का रानी कौन है?
3. फर्डिनांड किटेल कौन है?
4. हजार खंबों की बसदी कहाँ है?
5. तुलुनाडु की प्रसिद्ध प्राचीन कलाएँ कौन सी है?
6. कार्नाडू सदाशिवराव को हम क्यों याद करते हैं?
7. कुद्मुल रंगराव दलितोद्धार के लिए कौन-कौन से कार्य किये?
8. तुलुनाडु में स्थापित भारत के प्रमुख बैंक कौन-कौन से हैं?

क्रियाकलाप

1. कुदमुल रंगराव तथा कार्नाडू सदाशिवराव के जीवन चरित्र पढ़ो ।
2. भारत की आर्थिक प्रगति में कर्नाटक के तटीय प्रदेशों का जोगदान - इस विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन करके, चर्चा कीजिए और रपट तैयार करो ।

हैदराबाद-कर्नाटक

शिकारी नायकों के विद्रोह

विजयनगर साम्राज्य के अवनति के बाद हैदराबाद कर्नाटक में शिकारी नायक मुखियाँ का प्राबल्य था। क्रांतिकारी रहे वे 1800 के बाद अंग्रेजों के (विरुद्ध) खिलाफ किये विद्रोह अनगिनत रहे।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

कारण : स्थानीय जमीनदारों का शोषण, अंग्रेज लागू किये शस्त्रास्त्र कानून, जंगल कानून तथा उनका शोषण, ऐसे शोषणों से तबाह होकर स्थानीय राजाओं, मुखिया तथा सामान्य जनता विरोध करने लगी। 1800 के बाद चले पच्चीस से अधिक विद्रोहों में शिकारी ही अधिकतया भाग लेने का हम देखते हैं। विद्रोह करने का उद्देश्य अंग्रेजों को भगाना ही था।.

हलगली नायकों के विद्रोह

हलगली बागलकोट जिले के मुधोल तालूक का एक गाँव है। यह गाँव आज भी पैलवानों (पहलवानों) के लिए प्रसिद्ध है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में यह गाँव प्रसिद्ध हुआ। वहाँ अधिकांश लोग शिकारी नायक हैं। शिकार तथा आत्मरक्षा के लिए उनके पास हथियार रहते थे।

1857 में अंग्रेज जारी किये शस्त्रास्त्र नियमों के अनुसार भारतीय जनता सरकार की अनुमति लेकर ही हथियार रख ले सकते थे। स्वभावतः शूर, स्वाभिमानी भी हुए शूर नायकों को यह असह्य की बात थी। कारणों से संघर्ष होकर अंग्रेज शिकारी नायकों पर आक्रमण किया।

जडग, बाल, रामी आदि विद्रोह के नायक शूरता से संग्राम किया। आक्रमण में अनेक वीर स्वर्गवासी हुए। 290 जनों को बंदी बनाकर उनमें से 19 को फाँसी दी गई । हलगलि शिकारी वीरनायकों की वीर कथा कर्नाटक के स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अमर है।

रामी : हलगली विद्रोह (संग्राम) में तीन अंग्रेज सैनिकों को बंदूक की गोली से हत्या की हुई रामी शिकारी वीर महिला है। इस विद्रोह में रामी वीरगति पाती है।

हलगली के शिकारी नायकों के बारे में लिखी हुई लावणी की शुरुआत ऐसी है।

हलगली के शिकारी शेरों से भी शूर हैं।

निश्चलता से खड़े होकर संग्राम में वीरगति पाये हैं।

कुल की मर्यादा बताकर गये हैं।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

सिंधूर लक्ष्मण

सिंधूर लक्ष्मण अंग्रेजों के विरुद्ध संग्राम किया हुआ एक महान वीर है।

सांग्ली जिले के जत तालूक के सिंधूर गाँव में शिकारी साबु तथा नरसव्वा दंपत्ति से लक्ष्मण का जन्म हुआ। इसकी समाधि बीलगी में है।


सिंधूर गाँव इनामदारों (पटेलों) के प्रशासन से काँप उठा था। लेकिन लक्ष्मण उनके विरुद्ध क्रांति की चिनगारी फैलाया। आगे चलकर लक्ष्मण अंग्रेजों का विरोधी बना।

लक्ष्मण अंग्रेजों के खजाने तथा अमीरों को लूटकर गरीबों में पैसे बाँटता था। समाजमुखी होकर शोषितों की सेवा करता था। गाँव की पंचायत (चावडी) के सामने लक्ष्मण को बुलाकर तहकीकात करते समय उसे संशय हुआ। इसलिए वह वहाँ से फरार हुआ। वहाँ के पुलिस अधिकारी की हत्या करने से उसे गिरफ्तार करने के लिए अंग्रेज शतप्रयत्न किये। आगे चलकर उसे गोली से मारा गया। स्वतंत्रता के लिए संघर्ष किये क्रांतिकारी सिंधूर लक्ष्मण इतिहास के पन्नों में चिरस्मरणीय है।

सुरपुर के नायक

यादगिरि जिला सुरपुर शूर शिकारियों का प्रदेश बना था। सुरपुर का राजा कृष्णप्पा नायक का देहांत होने के बाद आठ वर्ष का वेंकटप्पा नायक उत्तराधिकारी बना। सुरपुर संस्थान निजाम तथा अंग्रेजों ने बाँट लेने की ताक में थे।

राजा वेंकटप्पा नायक अंग्रेजी शिक्षा पाया था। स्वातंत्र्यप्रियता उसके मन में भर चुकी थी। इस बार प्रथम स्वतंत्रता संग्राम की गर्मी (1957) सुरपुर तक पहुँची। वेंकटप्पा नायक संग्राम में तुरंत कूद पड़ा।



राजा वेंकटप्पा नायक

अंग्रेज सेना सुरपुर के किले पर आक्रमण किया। भयंकर युद्ध हुआ। अंग्रेज सेना का एक वरिष्ठ अधिकारी दूसरे दिन ही युद्ध में ढ़ेर हुआ। इससे अंग्रेज सेना हिम्मत खो चुकी। धोखाधड़ी से तो किला जीतने का निर्णय उन्होंने लिया। नायक का प्रमुख अधिकारी किले का गुप्त विषय बताकर अंग्रेजों की जीत का सहायक बना।

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

वेंकटप्पा नायक वहाँ से भागकर सेना को इकट्ठा करने के लिए हैदराबाद के निज़ाम यहाँ जाता है। लेकिन निज़ाम का प्रधानमंत्री सालार जंग अंग्रजों से अपने लिए कुछ लालच मिलने के उद्देश्य उसे अंग्रेजों के वश में देता है। अंग्रेज पूछताछ करके वेंकटप्पा को सजाए मौत देते हैं।

बाद में नाटकीयता से सजा चार वर्ष के लिए कम करते हैं, लेकिन वेंकटप्पा नायक को धोखे के साथ गोली मारकर हत्या किये। इस घटना को आत्महत्या कहकर अफ़वाह फैलाते हैं। उस समय वह 24 साल का युवक था।

अंग्रेज सुरपुर हैदराबाद के निज़ाम को दान में दिया। इस तरह कलबुरगि, बीदर तथा रायचूर प्रदेश हैदराबाद संस्थान में विलीन हुए।

हैदराबाद-कर्नाटक मुक्ति संग्राम

हैदराबाद कर्नाटक मुक्ति संग्राम एक दमनकारी राजा के विरुद्ध जनता (एक बनकर) एकता से क्रांति किये हुए उज्वल इतिहास का निदर्शन है। उसी तरह महान त्याग, बलिदानों की अमिट छाप का सबूत है।

हमारे देश में पहले 562 छोटे-छोटे राज्य अंग्रजों के अधीन में थे। इन राज्यों में हैदराबाद प्रमुख था।

संग्राम का इतिहास : हैदराबाद संस्थान में हिन्दुओं की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। आम तौर पर वे धार्मिक आचरण नहीं कर पाते थे।

संस्थान में शिक्षा के लिए निर्लक्ष्य किया गया था। वह सब कुछ उर्दूमय होने से कन्नड भाषा तथा साहित्य को बड़ा धक्का पहुँचा।


निज़ाम 'कालागप्ती' नामक 53 भीषण नियमों को जारी कर जनता का मूलभूत स्वातंत्र्य खदेड दिया था।

संग्राम की स्थिति : संग्राम के जनप्रिय नेता स्वामी रमानंद तीर्थजी थे। वे हैदराबाद संस्थान के चारों ओर संचार अहिंसात्मक सत्याग्रह आंदोलन का संगठन किया। संग्राम के और एक प्रसिद्ध नायक हर्डेकर मंजप्पा थे। वे 'कर्नाटक के गाँधी' के नाम से प्रसिद्ध थे। वे पान निरोध, अस्पृज्ञयता निवारण जैसे अनेक समाजमुखी कार्यक्रम जनप्रिय किया। अस्पृश्यता निवारण केलिए समाजोपयोगी कार्यक्रम लोकप्रिय लिए ।


©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com



स्वामी रमानंद तीर्थ



हर्डेकर मंजप्पा

वंदेमातरम् आंदोलन : इस बीच वंदे मातरम् गाने का सरकार ने निषेध किया। इसका विरोध किये धीर (वीर) नायक 'वन्दे मातरम् रामचन्द्रराव' थे। 'वंदेमातरम्' गाये अनेक लोगों को बंदी बनाया गया।

आर्य समाज के संग्राम का सामना करने मुस्लिम मूलभूतवादी इत्तेहाद-उल्-मुसलमिन नामक संघ का गठन किया। उसके मुखिया कासिम रजवि थे। संघ हिंसात्मक मार्ग अपनाया।

कांग्रेस संस्था का संस्थान में निषेध किया गया था। वह हैदराबाद स्वतंत्र भारत के संयुक्त राष्ट्र जोड़ने निजाम से आग्रह किया गया। 1947 अगस्त 15 के दिन स्व-तंत्र भारत का ध्वज हैदराबाद में फहराने जनता दृढ़ संकल्प की थी। लेकिन निज़ाम सरकार कठिन प्रतिबंध लगाई ।


इसी समय रजाकार संस्थान में व्यापक रूप से खून खराबा करना आरंभ किया। उन्हें निज़ाम का उत्तेजन था। इसी समय चारों ओर एक ही समान वंदेमातरम् की आवाज़ गूँज रही थी।.

©KTBS Not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com


Downloaded from https:// www.studiestoday.com

शरणगौड़ा इनामदार : हैदराबाद मुक्ति संग्राम में भूगत कार्याचरण का संगठन शरणगौड़ा इनामदार ने किया। युव टोलियाँ रजाकारों पर बिजली की भाँति टूट पड़ी। परिणामस्वरूप अनेक ग्राम रजाकार की दुष्टता से मुक्त हुए। मुक्त हुए लोग अभिमान से उन्हें 'सरदार' नाम से जानने लगे।



शरणगौडा इनामदार

रजाकारों अत्याचार से लाखों लोग हैदराबाद संस्थान को त्यागकर पडोसी स्वतंत्र भारत की ओर स्थानांतरित हुए। हजारों युवक हैदराबाद सीमा की लंबाई तक शिबिरों की स्थापना कर दुष्ट रजाकारों के विरुद्ध सशक्त संग्राम चलाया।



सरदार वल्लभभाई पटेल

1947 में देश स्वतंत्र होने पर भी हैदराबाद संस्थान अभी तक भारत में विलीन नहीं हुआ था। इस बीच रजाकारों की हिंसा निरंतर चलती रही। आखिर में हैदराबाद की समस्या सुलझाने गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेलजी को सरकार ने अधिकार सौंपाया।

उनके आदेशानुसार 1948 के सितंबर 17 के दिन भारतीय सेना हैदराबाद में प्रवेश की। अन्य मार्ग न रहने के कारण निजाम शरणागत हुआ। बाद में हैदराबाद संस्थान भारत में विलीन हुआ।

1951 में हैदराबाद प्रांत में चुनाव हो कर जनता अपने प्रतिनिधियों को पहली बार निर्वाचन (चुन) कर भेजा। अग्रगण्य नायक स्वामी रमानंद तीर्थ गुल्बर्गा क्षेत्र से लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए।

© KTBS not to be republished

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

Downloaded from https:// www.studiestoday.com

काल गणना (ई. स.)

1857	-	हलगलि गाँव के शिकारी नायकों पर अंग्रेजों का आक्रमण । रामी का अंत्य।
1854 - 58	-	सुरपुर का राजा वेंकटप्पा नायक का संग्राम तथा अंत्य ।
1922 जुलाई 22	-	सिंधूर लक्ष्मण को गोली मारकर अंग्रेजों ने हत्या की ।
1948 सितंबर 17	-	हैदराबाद निजाम की शरणागति तथा हैदराबाद संस्थान भारत संयुक्त में विलीन हुआ ।

उत्तर दो.

1. शिकारी नायक विद्रोह करने के कारण कौन-कौन से हैं?
2. हलगलि के शिकारी नायक किस कानून का विरोध किया?
3. रामी कौन थी?
4. सिंधूर लक्ष्मण कौन था?
5. 1857-58 के प्रथम स्वतंत्र संग्राम में सुरपुर के वेंकटप्पा नायक का पात्र क्या है?
6. 'कालागप्सी' किसे कहते हैं?
7. स्वामी रामानंद कौन थे?
8. 'कर्नाटक के गाँधी' किसे कहते हैं?
